[राज्य सभा में पुर:स्थापन के लिए]

[राज्य सभा में पुर:स्थापित रूप में]

2019 का विधेयक संख्यांक XXIX

जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2019

यह विधेयक मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के पुनर्गठन और इससे जुड़े अथवा प्रासंगिक मामलों के लिए प्रावधान करता है।

यह भारत गणराज्य के सत्तरवें वर्ष में संसद द्वारा निम्न प्रकार अधिनियमित हो:—

भाग–1

प्रारंभिक

1. इस अधिनियम को जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 कहा जाएगा। संक्षिप्त नाम।

2. इस अधिनियम में जब तक कि संदर्भ अन्यथा अपेक्षित न हो,— परिभाषाएं।

(क) 'नियत तिथि' उस तिथि से अभिप्रेत है, जिसे केन्द्र सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा निर्धारित करेगी;

(ख) ''अनुच्छेद'' संविधान का अनुच्छेद से अभिप्रेत है;

(ग) ''विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र'' और ''संसदीय निर्वाचन क्षेत्र'' का आशय वही है जैसा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) में उल्लेख है;

1950 का 43

(घ) ''चुनाव आयोग'' राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 324 के तहत नियुक्त चुनाव आयोग से अभिप्रेत है;

(ङ) मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य का आशय जम्मू और कश्मीर राज्य से है, जो नियत तिथि से तत्काल पूर्व अस्तित्व में है, जिसमें जम्मू और कश्मीर भारतीय राज्य में भारत का संविधान लागू होने से तत्काल पूर्व का क्षेत्र शामिल है;

(च) ''कानून' में प्रत्येक अधिनियम, अध्यादेश, विनियम, आदेश, उप-कानून, नियम, स्कीम, अधिसूचना अथवा अन्य लिखित शामिल है जिनमें नियत तिथि से तत्काल पूर्व समग्र मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य अथवा उसके किसी भाग में कानून की शक्ति विद्यमान है;

(छ) ''विधान सभा'' का आशय जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा से है;

(ज) ''उपराज्यपाल'' का आशय राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 239 के तहत नियुक्त संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक से हैं;

(झ) ''अधिसूचित आदेश'' का आशय शासकीय राजपत्र में प्रकाशित आदेश से हैं;

(ञ) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में ''जनसंख्या अनुपात'' का आशय 2011 की जनगणना के अनुसार अनुपात से है;

(ट) संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में ''अनुसूचित जातियों'' का आशय ऐसी जातियों, नस्लों अथवा जनजातियों अथवा इस प्रकार की जातियों, नस्लों अथवा जनजातियों के अंतर्गत समूहों के भागों से है जो कि उस संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में अनुच्छेद 341 के अंतर्गत अनुसूचित जातियां मानी गई हैं;

(ठ) संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में ''अनुसूचित जनजातियों'' का आशय ऐसी जनजातियों अथवा जनजातीय समुदायों अथवा इसके भागों अथवा इस प्रकार की जनजातियों अथवा जनजातीय समुदायों के अंतर्गत समूहों से हैं जो उस संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में अनुच्छेद 342 के अंतर्गत अनुसूचित जनजातियां मानी गई हैं;

(ड) संसद के दोनों सदनों अथवा मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के विधान मंडल के संबंध में ''वर्तमान सदस्य'' का आशय उस व्यक्ति से है जो नियत दिन से तत्काल पूर्व उस सदन का सदस्य है;

(ढ) मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के संबंध में ''संघ राज्य क्षेत्र'' का आशय जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र अथवा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र, जैसा भी मामला हो, से है;

(ण) ''हस्तांतरित भू-भाग'' से आशय उस भू-भाग से है जिसे नियत दिन को मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य से इस अधिनियम की धारा 3 और 4 के अंतर्गत सृजित संघ राज्य क्षेत्र में हस्तांतरित किया गया है।

(त) विद्यमान जम्मू और कश्मीर राज्य के किसी जिला, तहसील अथवा अन्य क्षेत्रीय प्रभाग का संदर्भ नियुक्त दिन पर उस क्षेत्रीय प्रभाग के अंतर्गत निहित क्षेत्र के संदर्भ से समझा जाएगा।

भाग-2

जम्मू और कश्मीर राज्य का पुनर्गठन

विधान सभा के बिना लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र का सृजन।

3. नियत दिन और उस दिन से एक नये संघ राज्य क्षेत्र का सृजन होगा, जिसे लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के नाम से जाना जाएगा, जिसमें मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के निम्नलिखित क्षेत्र शामिल हैं, नामत:—

''कारगिल और लेह जिले'',

और इसके पश्चात उक्त क्षेत्र मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के भाग नहीं होंगे।

विधान सभा के साथ जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र का सृजन।

4. नियत दिन और उस दिन से एक नये संघ राज्य क्षेत्र का सृजन होगा, जिसे जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के नाम से जाना जाएगा, जिसमें धारा 3 के अंतर्गत निर्धारित क्षेत्रों को छोड़कर मौजूद जम्मू और कश्मीर राज्य के क्षेत्र शामिल होंगे।

मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य का राज्यपाल संयुक्त रूप से उप-राज्यपाल होगा।

5. नियत दिन और उस दिन से मौजूदा जम्मू और कश्मीर का राज्यपाल जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के लिए उस अवधि हेतु, जिसे राष्ट्रपति द्वारा नियत किया जाए, उपराज्यपाल होंगे।

संविधान की प्रथम अनुसूची का संशोधन।

6. नियत दिन और उस दिन से संविधान की प्रथम अनुसूची में शीर्षक ''I. राज्यों" के अंतर्गत'',—

(क) प्रविष्टि 15 का निरसन किया जाएगा।

(ख) प्रविष्टियां 16 से 29 को 15 से 28 के रूप में पुन:संख्यांकित किया जाएगा।

(ग) शीर्षक ''II. संघ शासित क्षेत्रों'',- के अंतर्गत,-

—प्रविष्टि 7 के बाद, निम्नलिखित प्रविष्टियां अन्तर्विष्ट की जाएंगी, नामश:—

''8. जम्मू और कश्मीर: जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 4 में निर्दिष्ट भू-भाग''।

''9. लद्दाख: जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 3 में निर्दिष्ट भू-भाग''।

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की सरकार की व्यावृत्ति शक्तियां।

7. इस भाग के पूर्ववर्ती उपबंधों में से कोई भी, नियत दिन के पश्चात् उस राज्य में किसी जिले अथवा अन्य क्षेत्रीय प्रभाग का नाम, क्षेत्र अथवा सीमाओं में परिवर्तन करने संबंधी उत्तरवर्ती जम्मू और कश्मीर राज्य की सरकार की शक्ति को प्रभावित नहीं करेगा।

भाग-3

विधायिका में प्रतिनिधित्व

राज्य सभा

संविधान की चौथी अनुसूची का संशोधन।

8. नियत दिन और उस दिन से तालिका में संविधान की चौथी अनुसूची में—

(क) प्रविष्टि 21 का निरसन किया जाएगा;

(ख) प्रविष्टि 22 से 31 की प्रविष्टियों को 21 से 30 क्रमश: के रूप में पुर्नसंख्यांकित किया जाएगा;

(ग) प्रविष्टि 30 के बाद निम्नलिखित प्रविष्टि अन्तर्विष्ट की जाएगी:—

''31. जम्मू और कश्मीर.....4''

वर्तमान सदस्यों का आबंटन।

9. (*1*) नियत दिन और उस दिन से मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य सभा के चार वर्तमान सदस्यों को जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र को आवंटित सीटों को भरने के लिए चयनित समझा जाएगा, जैसाकि इस अधिनियम की प्रथम अनुसूची में उल्लेख किया गया है।

(*2*) इन वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल अपरिवर्तित रहेगा।

लोक सभा

लोक सभा में प्रतिनिधित्व।

10. नियत दिन और उस दिन से लोक सभा में उत्तरवर्ती जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र को पांच सीटें तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र को 1 सीट आबंटित की जाएगी तथा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) की प्रथम सूची को तदनुसार संशोधित समझा जाएगा।

1950 का 43

संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन।

11. (1) नियत दिन और उस दिन से संसदीय निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन आदेश, 1976 संशोधित माना जाएगा, जैसा कि इस अधिनियम की द्वितीय अनुसूची में निर्देशित हैं। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन आदेश, 1976

(2) चुनाव आयोग इस अधिनियम द्वारा यथा संशोधित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन आदेश, 1976 में निर्दिष्ट सीटों के आवंटन के अनुसार जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के लिए लोक सभा चुनाव करा सकता है।

वर्तमान सदस्यों के लिए उपबंध।

12. (1) कोई भी निर्वाचन क्षेत्र जो धारा 10 के उपबंधों के मद्देनजर नियत दिन पर सीमाओं में परिवर्तन के साथ अथवा परिवर्तन के बिना उत्तरवर्ती जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र अथवा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र, जैसा भी मामला हो, को आबंटित हो गया है, का प्रतिनिधित्व करने वाला लोक सभा का प्रत्येक वर्तमान सदस्य उस निर्वाचन क्षेत्र द्वारा लोक सभा के लिए चयनित किया गया समझा जाएगा।

(2) इन वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल अपरिवर्तित रहेगा।

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र का उपराज्यपाल और विधान सभा

संविधान के अनुच्छेद 239क की प्रयोज्यता।

13. नियत दिन और उस दिन से अनुच्छेद 239क में निहित उपबंध, जो कि ''पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र'' पर लागू हैं, ''जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र पर भी लागू होंगे।

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए विधान सभा और उसका गठन।

14. (1) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 239 के अंतर्गत एक प्रशासक नियुक्त किया जाएगा और उस संघ राज्य क्षेत्र के उपराज्यपाल के रूप में पदनामित किया जाएगा।

(2) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए एक विधान सभा होगी।

(3) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा में प्रत्यक्ष चुनावों द्वारा चुने गए व्यक्तियों से भरी जाने वाली सीटों की कुल संख्या 107 होगी।

(4) उप-धारा (3) में किसी बात के निहित होने के बावजूद, जब तक कि पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के भू-भाग का अधिग्रहण नहीं होता है और उस क्षेत्र में रह रहे लोग अपने प्रतिनिधि नहीं चुनते हैं, तब तक:—

(क) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा में चौबीस सीटें रिक्त रहेंगी और सभा की कुल सदस्यता के रूप में इनकी गणना नहीं की जाएगी;

(ख) कथित क्षेत्र अथवा सीटें क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन में निर्धारण में शामिल नहीं होगी जैसा कि इस अधिनियम के भाग V में व्यवस्था की गई है।

(5) नियत दिन और उस दिन से विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन आदेश, 1995 जो जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र पर लागू होता है, संशोधित समझा जाएगा, जैसाकि इस अधिनियम की तीसरी अनुसूची में निर्देशित है।

(6) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधानसभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी।

(7) उप-धारा 6 के अंतर्गत जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या विधान सभा में सीटों की कुल संख्या के उस अनुपात में होगी, जिस अनुपात में जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की कुल जनसंख्या में जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में अनुसूचित जातियों अथवा जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों, जिनके लिए सीटें इस प्रकार आरक्षित की गई हैं, की संख्या है।

स्पष्टीकरण: इस उप-धारा में अभिव्यक्ति ''जनसंख्या'' का आशय उस जनसंख्या से है जैसा कि विगत पूर्ववर्ती जनगणना में निर्धारित की गई है, जिसके संबंधित आंकड़े प्रकाशित हो गए हैं।

परन्तु यह कि विगत पूर्ववर्ती जनगणना जिसके आंकड़े प्रकाशित हो गये हैं, के स्पष्टीकरण के संदर्भ को, जब तक वर्ष 2026 के पश्चात् की जाने वाली प्रथम जनगणना के संबंधित आंकड़े प्रकाशित किए जाते हैं, 2011 की जनगणना का संदर्भ समझा जाएगा।

(8) उप-धारा (6) में किसी बात के निहित होने के बावजूद जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा में अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण उस दिन से प्रभावी नहीं होगा, जिस दिन से भारत के संविधान के अनुच्छेद 334 के अंतर्गत लोक सभा में अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण प्रभावी नहीं रहेगा।

1950 का 43

(9) जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की दूसरी अनुसूची में शीर्षक ''I राज्यों'' के अंतर्गत:—

''(क) प्रविष्टि 10 का निरसन किया जायेगा''

''(ख) प्रविष्टियां 11 से 29 को 10 से 28 के रूप में पुनर्संख्यांकित किया जाएगा''

1950 का 43

(10) जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की दूसरी अनुसूची में शीर्षक ''II संघ राज्य क्षेत्रों के अंतर्गत:—

(क) प्रविष्टि चार के बाद निम्नलिखित प्रविष्टियां अन्तर्विष्ट की जाएगी, नामश:—

1	2	3	4	5	6	7
–5. जम्मू और कश्मीर	83	6	....	83	6	....

(11) भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 से 327 तक के और 329 के उपबंध जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र, उसकी विधान सभा और उसके सदस्यों के संबंध में उसी तरह लागू होंगे जैसे वे क्रमश: किसी राज्य, किसी राज्य की विधान सभा और उसके सदस्यों के संबंध में लागू होते हैं; और अनुच्छेद 326 और 329 में ''उपयुक्त विधानमंडल'' का कोई संदर्भ संसद का संदर्भ माना जाएगा।

महिलाओं का प्रतिनिधित्व।

15. धारा 14 की उप-धारा (3) की किसी बात के बावजूद, यदि उत्तरवर्ती जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के उप-राज्यपाल की राय में विधान सभा में महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं हो तो वे महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए विधान सभा में दो सदस्यों को नामित कर सकते हैं।

विधान सभा की सदस्यता के लिए योग्यता।

16. कोई व्यक्ति विधान सभा में किसी सीट को भरने के लिए चुने जाने हेतु तब तक योग्य नहीं होगा—

(क) जब तक कि वह भारत का नागरिक न हो और निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत किसी व्यक्ति के समक्ष इस अधिनियम की चौथी अनुसूची में इस प्रयोजन के लिए निर्धारित प्रपत्र के अनुसार शपथ न ले अथवा प्रतिज्ञान न करे;

(ख) जब तक कि उसकी आयु पच्चीस वर्ष न हो गई हो; और

(ग) जब तक कि उसके पास ऐसी अन्य योग्यताएं न हों जो इस संबंध में संसद द्वारा बनाए गए किसी कानून के द्वारा अथवा उसके अंतर्गत निर्धारित की जाएं।

विधान सभा का कार्यकाल।

17. विधान सभा, जब तक कि इसे जल्दी भंग न किया जाए, इसकी पहली बैठक के लिए नियत तारीख से पांच वर्ष तक रहेगी और उसके बाद नहीं रहेगी, तथा पांच वर्ष की उक्त अवधि समाप्त होने पर विधान सभा भंग हो जाएगी;

परन्तु यह कि अनुच्छेद 352 के खंड (1) के अंतर्गत जारी की गई आपात स्थिति की उद्घोषणा लागू रहने के दौरान उक्त अवधि को राष्ट्रपति के आदेश द्वारा एक समय में एक वर्ष की अनधिक अवधि तक बढ़ाया जा सकता है और उक्त उद्घोषणा के लागू न रहने पर इस अवधि को किसी भी सूरत में छ: माह की अवधि के बाद नहीं बढ़ाया जा सकता है।

विधान सभा के सत्र, सत्रावसान और इसे भंग किया जाना।

18. (1) उप-राज्यपाल, समय-समय पर, ऐसे समय और स्थान पर, जो वह उचित समझे, विधानसभा की बैठक बुलाएगा किंतु एक सत्र में इसकी अंतिम बैठक और अगले सत्र में इसकी पहली बैठक के लिए नियत तारीख के बीच छ: माह का अंतर नहीं होगा।

(2) उप-राज्यपाल, समय-समय पर,—

(क) सदन का सत्रावसान कर सकेगा;

(ख) विधान सभा को भंग कर सकेगा;

विधान सभा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष।

19. (1) विधान सभा यथाशीघ्र दो सदस्यों को चुनेगी जो क्रमश: इसके अध्यक्ष और उपाध्यक्ष होंगे तथा जब कभी अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष का पद रिक्त होगा विधान सभा किसी अन्य सदस्य को अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष, जैसा भी मामला हो, चुनेगी।

(2) विधान सभा के अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष का पद धारण करने वाला कोई सदस्य—

(क) विधान सभा का सदस्य न रहने पर अपना पद छोड़ देगा;

(ख) यदि वह सदस्य अध्यक्ष है तो उपाध्यक्ष को और यदि वह सदस्य उपाध्यक्ष है तो अध्यक्ष को अपने हस्ताक्षर से पत्र लिखकर अपने पद से त्यागपत्र दे सकता है;

(ग) उसे विधान सभा के तत्कालीन सभी सदस्यों के बहुमत से पारित विधान सभा के संकल्प द्वारा उसके पद से हटाया जा सकता है;

परंतु यह कि खंड (ग) के प्रयोजन के लिए कोई संकल्प तब तक पेश नहीं किया जाएगा, जब तक कि संकल्प पेश करने के आशय के बारे में कम से कम पन्द्रह दिन का नोटिस न दिया गया हो;

परन्तु यह कि जब कभी विधान सभा भंग की जाए तो अध्यक्ष विधान सभा के भंग होने के बाद विधान सभा की पहली बैठक के ठीक पहले तक अपना पद नहीं छोड़ेगा।

(3) अध्यक्ष का पद रिक्त रहने के दौरान इस पद के कर्त्तव्यों का निर्वहन उपाध्यक्ष अथवा यदि उपाध्यक्ष का पद भी रिक्त हो तो उस विधायक द्वारा किया जाएगा जिसे विधान सभा के प्रक्रिया नियमों द्वारा निर्धारित किया जाए।

(4) विधान सभा की किसी बैठक से अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष अथवा यदि वह भी अनुपस्थित हो तो कोई ऐसा व्यक्ति, जिसे विधान सभा के प्रक्रिया नियमों के द्वारा निर्धारित किया जाए, या यदि इस प्रकार का कोई व्यक्ति उपस्थित न हो तो विधान सभा द्वारा निर्धारित कोई अन्य व्यक्ति अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा।

(5) विधान सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को ऐसे वेतन और भत्तों का भुगतान किया जाएगा जो जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा द्वारा कानून के तहत क्रमश: निर्धारित किए जाएं और जब तक इस संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया जाता है तब तक ऐसे वेतनों और भत्तों का भुगतान किया जाएगा जो उप-राज्यपाल आदेश के द्वारा निर्धारित करे।

अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष को उसके पद से हटाए जाने का प्रस्ताव विचाराधीन होने के दौरान उनके द्वारा अध्यक्षता नहीं किया जाना।

20. (1) विधान सभा की किसी बैठक में जब अध्यक्ष को उसके पद से हटाए जाने का प्रस्ताव विचाराधीन हो तो अध्यक्ष, अथवा जब उपाध्यक्ष को उसके पद से हटाए जाने का प्रत्ताव विचाराधीन हो तो उपाध्यक्ष, भले ही वे मौजूद हों, अध्यक्षता नहीं करेगा और धारा 19 की उप-धारा (4) के उपबंध इस प्रकार की प्रत्येक बैठक के संबंध में उसी तरह लागू होंगे जैसे वे उस बैठक, जिससे अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष जैसा भी मामला हो, अनुपस्थित रहते हैं, के संबंध में लागू होते हैं;

(2) जब अध्यक्ष को उसके पद से हटाए जाने का प्रस्ताव विधान सभा में विचाराधीन हो तो उसे विधान सभा में बोलने और अन्यथा विधान सभा की कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार होगा और वह धारा 25 की किसी बात के बावजूद, इस प्रकार के प्रस्ताव पर अथवा इस प्रकार की कार्यवाहियों के दौरान अन्य किसी मामले में केवल प्रथमत: मतदान करने का हकदार होगा किन्तु वह बराबर मतों की स्थिति में मतदान करने का हकदार नहीं होगा।

विधान सभा में उप-राज्यपाल का विशेष अभिभाषण।

21. (1) विधान सभा के प्रत्येक आम चुनाव के बाद पहले सत्र के प्रारंभ में और प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र के प्रारंभ में उप-राज्यपाल विधान सभा में अभिभाषण देंगे तथा विधान सभा को इसकी बैठक बुलाए जाने के कारणों के बारे में सूचित करेंगे।

(2) इस प्रकार के अभिभाषण में उल्लिखित मामलों पर चर्चा के लिए समय आबंटन के संबंध में प्रावधान विधान सभा की प्रक्रिया को विनियमित करने संबंधी नियमों द्वारा किया जाएगा।

विधान सभा के संबंध में मंत्रियों और महाअधिवक्ता के अधिकार।

22. जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के प्रत्येक मंत्री और महाअधिवक्ता को विधान सभा में बोलने और अन्यथा इसकी कार्यवाहियों में भाग लेने और विधान सभा की किसी समिति, जिसका उसे सदस्य बनाया जाए, में बोलने और उसकी कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार होगा किन्तु वह इस धारा के तहत मतदान करने का हकदार नहीं होगा।

विधान सभा में अभिभाषण देने और उसको संदेश भेजने के संबंध में उप-राज्यपाल के अधिकार।

23. (1) उप-राज्यपाल विधान सभा को संबोधित कर सकता है और इस प्रयोजन के लिए सदस्यों से उपस्थित रहने की अपेक्षा कर सकता है;

(2) उप-राज्यपाल विधान सभा में उस समय लंबित किसी विधेयक के संबंध में अथवा अन्यथा विधान सभा को संदेश भेज सकता है और जब इस प्रकार का संदेश भेजा जाए तो विधान सभा, संदेश द्वारा विचार किए जाने के लिए भेजे गए मामले पर अपनी सुविधानुसार विचार करेगी।

सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण अथवा प्रतिज्ञान।

24. विधान सभा का प्रत्येक सदस्य, अपनी सीट ग्रहण करने से पूर्व उक्त संघ राज्य क्षेत्र के उप-राज्यपाल अथवा इस संबंध में उसके द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति के समक्ष इस अधिनियम की चौथी अनुसूची में इस प्रयोजन के लिए निर्धारित प्रपत्र के अनुसार शपथ लेगा अथवा प्रतिज्ञान करेगा।

विधान सभा में मतदान, रिक्तियों और कोरम के बावजूद विधान सभा की कार्य करने की शक्ति।

25. (1) इस अधिनियम में अन्यथा किए गए उपबंध के सिवाय विधान सभा की किसी बैठक में सभी प्रश्नों का निर्धारण अध्यक्ष अथवा अध्यक्ष के रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति से भिन्न मौजूद और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत से होगा।

(2) अध्यक्ष अथवा अध्यक्ष के रूप में कार्य करने वाला व्यक्ति प्रथमत: मतदान नहीं करेगा, किन्तु उसका मत होगा और बराबर मतों की स्थिति में वह उसका प्रयोग करेगा।

(3) विधान सभा को, इसके किसी सदस्य की सदस्यता की रिक्ति के बावजूद कार्य करने की शक्ति होगी और विधान सभा की कोई कार्यवाहियां बाद में इस बात के पता चलने के बावजूद वैध होंगी कि कोई व्यक्ति, जो कार्यवाहियों में बैठने अथवा मतदान करने अथवा अन्यथा भाग लेने के लिए हकदार नहीं था, ने ऐसा किया था।

(4) विधान सभा की बैठक के लिए कोरम में सदस्यों की संख्या दस अथवा विधान सभा के कुल सदस्यों की 1/10, इनमें से जो भी अधिक हो, होगी।

(5) यदि विधान सभा की किसी बैठक के दौरान कोरम पूरा न हो तो अध्यक्ष अथवा अध्यक्ष के रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति का यह दायित्व होगा कि वह या तो विधान सभा को आस्थगित कर दे अथवा कोरम पूरा होने तक बैठक को स्थगित कर दे।

सीटों का रिक्त होना।

26. (1) कोई व्यक्ति संसद और विधान सभा दोनों का सदस्य नहीं होगा और यदि किसी व्यक्ति को संसद और विधान सभा दोनों का सदस्य चुना जाता है तो राष्ट्रपति द्वारा बनाए गए नियमों में विनिर्दिष्ट अवधि के समाप्त होने पर संसद में उस व्यक्ति की सीट रिक्त हो जाएगी जब तक कि उसने उक्त संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा में अपनी सीट से पहले त्यागपत्र न दिया हो।

(2) यदि विधान सभा का कोई सदस्य—

(क) धारा 27 या धारा 28 में उल्लेख किए गए अनुसार विधान सभा की सदस्यता के लिए अयोग्य हो जाता है; या

(ख) अध्यक्ष को अपने हस्ताक्षर लिखित में अपना त्यागपत्र देता है और उसके त्यागपत्र को अध्यक्ष द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है, तो

उसकी सीट रिक्त हो जाएगी।

(3) यदि विधान सभा का कोई सदस्य विधान सभा की अनुमति के बिना इसकी सभी बैठकों से साठ दिन की अवधि तक अनुपस्थित रहता है तो विधान सभा उसकी सीट को रिक्त घोषित कर सकती है;

परन्तु यह कि साठ दिन की इस अवधि की गणना करने में उस अवधि की गणना नहीं की जाएगी जिसके दौरान बैठक का सत्रावसान कर दिया गया हो अथवा उसे लगातार चार से अधिक दिन तक आस्थगित कर दिया गया हो।

सदस्यता के लिए अयोग्यता।

27. (1) कोई व्यक्ति विधान सभा का सदस्य चुने जाने अथवा बनने के लिए अयोग्य हो जाएगा—

(क) यदि वह भारत सरकार अथवा किसी राज्य की सरकार अथवा जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की सरकार अथवा अन्य किसी संघ राज्य क्षेत्र की सरकार अथवा प्रशासन के अंतर्गत किसी लाभ के पद अथवा संसद द्वारा अथवा विधान सभा द्वारा बनाए गए ऐसे पद, जिसके धारक को कानून के द्वारा अयोग्य घोषित नहीं किया जाएगा, से भिन्न किसी पद को धारित करता है; अथवा

(ख) यदि उसे फिलहाल अनुच्छेद 102 के खंड (1) के उप-खंड (ख), उप-खंड (ग) अथवा उप-खंड (घ) के उपबंधों अथवा उस अनुच्छेद के अनुसरण में बनाए गए किसी कानून के अंतर्गत संसद के किसी सदन का सदस्य चुने जाने अथवा उसका सदस्य बनने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता है।

(2) इस धारा के प्रयोजनों के लिए किसी व्यक्ति को केवल इस कारण से भारत सरकार अथवा किसी राज्य की सरकार अथवा जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की सरकार अथवा किसी अन्य संघ राज्य क्षेत्र की सरकार के अधीन लाभ के पद पर आसीन नहीं माना जाएगा कि वह उस संघ अथवा ऐसे राज्य अथवा संघ राज्य क्षेत्र का मंत्री है।

(3) यदि ऐसा कोई प्रश्न उठता है कि क्या विधान सभा का कोई सदस्य उप-धारा (1) और (2) के उपबंधों के अंतर्गत अयोग्य हो गया है तो यह प्रश्न निर्णय के लिए उप-राज्यपाल के पास भेजा जाएगा और उसका निर्णय अंतिम होगा।

(4) इस प्रकार के किसी प्रश्न पर कोई निर्णय लेने से पूर्व उप-राज्यपाल निर्वाचन आयोग की राय लेगा तथा उस राय के अनुसार कार्य करेगा।

सदस्य के रूप में दल-बदल करने के आधार पर अयोग्यता।

28. संविधान की दसवीं अनुसूची के उपबंध आवश्यक आशोधनों के अध्यधीन (जिनमें किसी राज्य की विधान सभा के लिए संदर्भों की व्याख्या हेतु, और जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा के लिए संदर्भों के रूप में अनुच्छेद 188, अनुच्छेद 194 तथा अनुच्छेद 212 यथास्थिति इस अधिनियम की धारा 30 और धारा 50 के संबंध में संशोधन शामिल हैं) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा के लिए तथा उसके सदस्यों के संबंध में इसी प्रकार लागू होंगे जैसे वे किसी राज्य की विधान सभा के लिए और उसके सदस्यों के संबंध में लागू होते हैं, और तदनुसार,—

(क) इस प्रकार आशोधित उक्त दसवीं अनुसूची को इस अधिनियम का भाग माना जाएगा; और

(ख) यदि किसी व्यक्ति को इस प्रकार आशोधित उक्त दसवीं अनुसूची के अंतर्गत अयोग्य कर दिया जाता है तो वह व्यक्ति विधान सभा का सदस्य बनने के लिए अयोग्य हो जाएगा।

शपथ लेने अथवा प्रतिज्ञान करने से पूर्व अथवा उसे योग्य घोषित न किए जाने अथवा अयोग्य घोषित किए जाने पर सदन में बैठने और मतदान करने के लिए दंड।

29. यदि कोई व्यक्ति धारा 24 की अपेक्षाओं का पालन करने से पूर्व तथा यह जानते हुए कि वह विधान सभा की सदस्यता के लिए योग्य नहीं है अथवा वह उसके लिए अयोग्य है, अथवा उसे संसद अथवा जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा द्वारा बनाए गए किसी कानून के अंतर्गत निषेध किए जाने पर भी विधान सभा में सदस्य के रूप में बैठता है अथवा उसके लिए मतदान करता है तो उससे प्रत्येक ऐसे दिन, जिस दिन वह बैठता है अथवा मतदान करता है, के संबंध में पांच सौ रु॰ के हिसाब से दंड वसूला जाएगा जो संघ राज्य क्षेत्र को देय होगा।

सदस्यों की शक्तियां, विशेषाधिकार आदि।

30. (1) इस अधिनियम के उपबंधों तथा विधान सभा की प्रक्रिया को विनियमित करने संबंधी नियमों और स्थायी आदेशों के अध्यधीन विधान सभा में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होगी।

(2) विधान सभा के किसी भी सदस्य पर, विधान सभा में अथवा उसकी किसी समिति में उसके द्वारा कही गई किसी बात अथवा दिए गए मत के संबंध में, किसी न्यायालय में कोई कार्यवाही नहीं चलाई जाएगी और किसी को इस प्रकार की सभा द्वारा अथवा उसके प्राधिकार के अंतर्गत किसी रिपोर्ट, पेपर के प्रकाशन, मतों अथवा कार्रवाहियों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

(3) अन्य मामलों में विधान सभा, उसके सदस्यों तथा उसकी समितियों की शक्तियां, विशेषाधिकार और प्रतिरक्षा (इम्युनिटी) वह होंगी जो तत्समय लोक सभा और इसके सदस्यों और समितियों को प्राप्त हों।

(4) उप-धारा (1), (2) और (3) के उपबंध उन व्यक्तियों के संबंध में, जिनको इस अधिनियम के तहत विधान सभा अथवा इसकी किसी समिति में बोलने तथा इनकी कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार है, उसी प्रकार प्राप्त होंगे जैसे वे विधान सभा के सदस्यों के संबंध में लागू होते हैं;

सदस्यों के वेतन और भत्ते।

31. विधान सभा के सदस्य इस प्रकार के वेतन और भत्ते प्राप्त करने के हकदार होंगे, जो विधान सभा द्वारा समय-समय पर कानून के द्वारा निर्धारित किए जाएं और जब तक इस संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया जाए तब तक वे ऐसे वेतन और भत्ते प्राप्त करने के हकदार होंगे जो उप-राज्यपाल के आदेश द्वारा निर्धारित किए जाएं।

विधायी शक्ति का विस्तार ।

32. (1) इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन विधान सभा, प्रविष्टि 1 और 2 में उल्लिखित विषयों अर्थात् क्रमश: ''लोक व्यवस्था'' और ''पुलिस'' के सिवाय राज्य सूची में अथवा भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में उल्लिखित मामलों, जहां तक इस प्रकार का मामला इस प्रकार के संघ राज्य क्षेत्र में लागू होता है, के संबंध में संपूर्ण जम्मू और कश्मीर अथवा इसके किसी भाग के लिए कानून बना सकती है।

(2) उप-धारा (1) की कोई भी बात जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र या उसके किसी भाग के लिए किसी विषय के संबंध में विधियां बनाने हेतु संविधान द्वारा संसद को प्रदत्त शक्तियों को कम नहीं करेगी।

संघ की संपत्ति को कराधान से छूट।

33. संघ की संपत्ति को, जहां तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबंधित करे, के सिवाय विधान सभा द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अंतर्गत या जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में लागू किसी अन्य विधि द्वारा या उसके अंतर्गत सभी करों से छूट प्राप्त होगी:

परन्तु यह कि इस धारा की कोई भी बात, जब तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबंधित न करे, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के भीतर किसी प्राधिकारी को संघ की किसी ऐसी संपत्ति पर कर लगाने से नहीं रोकेगी, जिससे ऐसी संपत्ति संविधान लागू होने से ठीक पहले उस संघ राज्य क्षेत्र में कर लगाये जाने के लिए दायी होगा या दायी माना जाएगा जब तक कि वह कर उस संघ राज्य क्षेत्र में लगाया जाता रहा है।

कतिपय विषयों के संबंध में विधान सभा द्वारा पारित विधियों पर प्रतिबंध।

34. (1)अनुच्छेद 286, 287 और 288 के उपबंध उन अनुच्छेदों में उल्लिखित किसी विषय के संबंध में विधान सभा द्वारा पारित किसी विधि के संबंध में उसी प्रकार लागू होंगे जिस प्रकार वे उन विषयों के संबंध में राज्य के विधान मंडल द्वारा पारित किसी विधि के संबंध में लागू होते हैं।

(2) अनुच्छेद 304 के उपबंध आवश्यक आशोधनों के पश्चात उस अनुच्छेद में उल्लिखित किसी विषय के संबंध में विधान सभा द्वारा पारित किसी विधि के संबंध में उसी प्रकार लागू होंगे जिस प्रकार वे उन विषयों के संबंध में राज्य के विधान मंडल द्वारा पारित किसी विधि के संबंध में लागू होते हैं।

संसद द्वारा बनाई गई विधियों और विधान सभा द्वारा बनाई गई विधियों के बीच असंगति।

35. यदि संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सूची में वर्णित विषयों के संबंध में विधान सभा द्वारा बनाई गई किसी विधि का कोई उपबंध उस विषय के संबंध में संसद द्वारा बनाई गई विधि के किसी उपबंध के प्रतिकूल है, चाहे वह विधान सभा द्वारा बनाई गई विधि से पहले या उसके उपरांत पारित किया गया हो, या यदि संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची में वर्णित किसी विषय के संबंध में विधान सभा द्वारा बनाई किसी विधि का कोई उपबंध उस विषय के संबंध में विधान सभा द्वारा बनाई गई विधि से भिन्न किसी पूर्व विधि के किसी उपबंध के प्रतिकूल है, तो दोनों मामलों में यथास्थिति संसद द्वारा बनाई गई विधि या ऐसी पूर्व की विधि माननी होगी और संघ राज्य क्षेत्र की बनाई गई विधि प्रतिकूलता की सीमा तक लागू नहीं होगी:

परन्तु यह कि यदि विधान सभा द्वारा बनाई गई ऐसी विधि राष्ट्रपति के विचार हेतु सुरक्षित रखी गई है और उसे उनकी सहमति प्राप्त हुई है तो ऐसी विधि जम्मू एवं कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में मान्य होगी:

परन्तु यह और कि इस धारा की कोई भी बात संसद को ऐसे ही विषय, जिसमें विधान सभा द्वारा बनाई गई विधि में कोई विधि जुड़ना, संशोधित करना, उसमें अंतर करना या उसको निरस्त करना शामिल है, के संबंध में किसी विधि को किसी भी समय अधिनियमित करने से नहीं रोकेगी।

वित्तीय विधेयकों के लिए विशेष उपबंध।

36. (*1*) उप-राज्यपाल की सिफारिश पर के सिवाय, विधान सभा में कोई विधेयक पुर:स्थापित नहीं किया जाएगा या संशोधन नहीं लाया जाएगा, यदि ऐसे विधेयक या संशोधन में निम्नलिखित में से किसी विषय हेतु उपबंध किया गया हो, अर्थात्:—

(क) किसी कर का अधिरोपण, समापन, माफी, परिवर्तन या विनियमन;

(ख) किसी वित्तीय दायित्वों के संबंध में संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा किए गए या किए जाने वाले विधि का संशोधन;

(ग) संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि में से धनराशि का विनियोजन;

(घ) किसी व्यय को संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि पर प्रभारित व्यय या ऐसे किसी व्यय की धनराशि की वृद्धि की घोषणा;

(ङ) संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि या संघ राज्य क्षेत्र की लोक लेखा के मद्दे धनराशि की प्राप्ति या ऐसी धनराशि की अभिरक्षा या निर्गम या संघ राज्य क्षेत्र के लेखा की लेखा परीक्षा;

परंतु यह कि किसी कर को कम करने या समाप्त करने के लिए उपबंध करते हुए किसी संशोधन को लाने हेतु इस उप-धारा के अंतर्गत कोई सिफारिश अपेक्षित नहीं होगी।

(2) किसी विधेयक या संशोधन को, केवल इस कारण से उपर्युक्त किसी विषय हेतु उपबंध करता नहीं माना जाएगा कि इसमें जुर्माना या अन्य वित्तीय शास्तियां लगाने का उपबंध किया गया है या लाइसेंसों हेतु फीस की मांग या भुगतान या प्रदान की गई सेवा के लिए फीस के भुगतान हेतु मांग का उपबंध किया गया है या इस कारण से कि इसमें स्थानीय उद्देश्यों के लिए किसी स्थानीय प्राधिकरण या निकाय द्वारा किसी कर के अधिरोपण, समापन, माफी परिवर्तन या विनियमन का उपबंध किया गया है।

(3) किसी विधेयक को, जिसमें, यदि यह अधिनियमित किया जाता है और प्रचालन में लाया जाता है, संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि से व्यय शामिल होगा, संघ राज्य क्षेत्र की विधानसभा द्वारा पारित नहीं किया जाएगा जब तक कि उप-राज्यपाल ने विधान सभा से इस विधयेक पर विचार किए जाने की सिफारिश नहीं की हो।

विधेयकों के व्यपगत होने से संबंधित प्रक्रिया।

37. (*1*) विधानसभा में लंबित विधेयक, विधानसभा के अवसान के कारण व्यपगत नहीं होगा।

(*2*) कोई विधेयक, जो विधानसभा में लंबित है, विधान सभा के विघटन के बाद व्यपगत नहीं होगा।

विधेयक पर सहमति।

38. जब कोई विधेयक, विधान सभा द्वारा पारित किया गया है तो वह उप-राज्यपाल को प्रस्तुत किया जाएगा तथा उप-राज्यपाल या तो यह घोषणा करेंगे कि वह विधेयक से सहमत हैं या यह घोषणा करेंगे कि वह उसपर सहमत नहीं हैं या यह कि वह विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखते हैं:

परंतु यह कि उप-राज्यपाल सहमति के लिए उनको विधेयक प्रस्तुत किए जाने के यथासंभव उपरांत, विधेयक को, यदि यह वित्त विधेयक नहीं है, इस अनुरोध के संदेश के साथ वापस करेंगे कि विधान सभा विधेयक या उसके किसी विनिर्दिष्ट उपबंधों पर पुनर्विचार करेगी और विशेषकर किसी ऐसे संशोधनों को पुर:स्थापित करने की वांछनीयता पर विचार करेगी जो वह अपने संदेश में सिफारिश करेंगे और जब विधेयक को इस प्रकार लौटाया जाता है तो विधान सभा विधेयक पर तदनुसार पुनर्विचार करेगी और यदि विधेयक, संशोधन के साथ या उसके बिना दोबारा पारित किया जाता है और सहमति के लिए उप-राज्यपाल को प्रस्तुत किया जाता है तो उप-राज्यपाल या तो यह घोषणा करेंगे कि वह विधेयक से सहमत हैं या उन्होंने राष्ट्रपति के विचार के लिए विधेयक को सुरक्षित रख लिया है:

परंतु यह और कि उप-राज्यपाल किसी ऐसे विधेयक पर सहमति नहीं देंगे बल्कि राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखेंगे जिससे,—

(क) उप-राज्यपाल की राय में, यदि यह कानून बन गए, तो उच्च न्यायालय की शक्तियों का इतना हनन होगा कि न्यायालय की वह स्थिति खतरे में पड़ जाएगी जो संविधान द्वारा भरा जाना आशयित है; या

(ख) जो अनुच्छेद 31क के खंड (1) में विनिर्दिष्ट किसी विषय से संबंधित है; या

(ग) राष्ट्रपति आदेश द्वारा अपने विचार हेतु इसे सुरक्षित रखे जाने का निदेश दे सकते हैं।

स्पष्टीकरण—इस धारा तथा धारा 39 के प्रयोजनों के लिए, किसी विधेयक को वित्त विधेयक माना जाएगा यदि इसमें केवल धारा 36 की उप-धारा (1) में विनिर्दिष्ट सभी या किन्हीं विषयों या उन विषयों में से किसी विषय के अनुषांगिक विषय से संबंधित उपबंध हों तथा दोनों मामले में विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा उस पर हस्ताक्षर के साथ यह प्रमाणपत्र पृष्ठांकित किया जाएगा कि यह वित्त विधेयक है।

विचार के लिए सुरक्षित विधेयक।

39. जब किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए उप-राज्यपाल द्वारा सुरक्षित रखा जाता है तो राष्ट्रपति या तो यह घोषणा करेंगे कि वह विधेयक से सहमत हैं या वह उस पर सहमति रोक लेते हैं:

परंतु यह कि जहां विधेयक वित्त विधेयक नहीं है, वहां राष्ट्रपति उप-राज्यपाल को निदेश दे सकते हैं कि वह विधेयक को इस संदेश के साथ विधान सभा को वापस कर दें, जो धारा 38 के प्रथम परंतुक में उल्लिखित है और जब विधेयक को इस प्रकार लौटाया जाता है तो विधानसभा ऐसे संदेश की प्राप्ति की तारीख से छह माह की अवधि के भीतर इस पर तद्नुसार विचार करेगी और यदि इसे संशोधन के साथ या संशोधन के बिना विधानसभा द्वारा पारित किया जाता है तो इसे दोबारा राष्ट्रपति के विचार के लिए उन्हें प्रस्तुत किया जाएगा।

केवल प्रक्रिया के विषय मानी जाने वाली स्वीकृति और सिफारिश से संबंधित अपेक्षा।

40. विधान सभा का कोई भी अधिनियम और किसी ऐसे अधिनियम में कोई भी उपबंध केवल इस कारण से अवैध नहीं होगा कि इस अधिनियम के लिए अपेक्षित पूर्व स्वीकृति राष्ट्रपति द्वारा नहीं दी गई या सिफारिश नहीं की गई, यदि उस अधिनियम पर उप-राज्यपाल द्वारा सहमति दी गई या राष्ट्रपति के विचार के लिए उप-राज्यपाल द्वारा इसे सुरक्षित रखा गया।

वार्षिक वित्तीय विवरण।

41. (*1*) उप-राज्यपाल प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा के समक्ष उस वर्ष के लिए संघ राज्य क्षेत्र की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण, जिसे इस भाग में ''वार्षिक वित्तीय विवरण'' कहा गया है, को प्रस्तुत करवायेंगे।

(*2*) वार्षिक वित्तीय विवरण में निहित व्यय के अनुमानों में निम्नलिखित को पृथक रूप से दर्शाया जाएगा—

(क) ऐसी धनराशि जो इस अधिनियम द्वारा जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि पर प्रभारित व्यय के रूप में वर्णित व्यय को पूरा करने हेतु अपेक्षित है, तथा

(ख) ऐसी धनराशि जो जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि से किए जाने के लिए प्रस्तावित अन्य व्यय को पूरा करने हेतु अपेक्षित है तथा यह राजस्व लेखे पर व्यय को अन्य व्यय से भिन्न बनाएगी।

(3) निम्नलिखित व्यय जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि पर प्रभारित व्यय होगा:—

(क) उप-राज्यपाल की परिलब्धियां और भत्ते तथा उनके कार्यालय से संबंधित अन्य व्यय;

(ख) ब्याज, सिंकिंग फंड प्रभारों तथा पुनरुद्धार प्रभारों तथा उनसे संबंधित अन्य व्यय सहित जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र को अग्रिम रूप से दिए गए ऋणों के संबंध में व्यय प्रभार;

(ग) विधान सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के वेतन और भत्ते;

(घ) जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन और भत्ते से संबंधित व्यय;

(ङ) ऐसी धनराशियां जो किसी न्यायालय या आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल के किसी निर्णय, डिक्री या अवार्ड के लिए अपेक्षित हो;

(च) उप-राज्यपाल द्वारा उनकी विशेष जिम्मेदारी के निर्वहन में उपगत व्यय;

(छ) कोई अन्य व्यय जो संविधान या संसद द्वारा बनाई गई विधि या जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा द्वारा इस प्रकार प्रभारित व्यय घोषित किया गया हो।

अनुमानों के संबंध में विधान सभा में प्रक्रिया।

42. (*1*) ऐसे सभी अनुमान,जो जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि पर प्रभारित व्यय से संबंधित हैं, पर विधान सभा में मतदान नहीं कराया जाएगा, किंतु इस उपधारा में निहित किसी भी बात को विधान सभा में ऐसे किन्हीं अनुमानों के बारे में चर्चा करने से रोकना नहीं माना जाएगा।

(*2*) ऐसे सभी उक्त अनुमान जो अन्य व्यय से संबंधित हैं, को विधान सभा में अनुदान मांग के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा और विधान सभा को किसी मांग पर सहमति देने या सहमति देने से इंकार करने या उसमें विनिर्दिष्ट धनराशि को कम करने के अध्यधीन किसी मांग पर सहमति देने का अधिकार होगा।

(*3*) उप-राज्यपाल की सिफारिश पर के सिवाय किसी अनुदान के लिए मांग नहीं की जाएगी।

विनियोजन विधेयक।

43. (*1*) विधान सभा द्वारा धारा 42 के अंतर्गत अनुदान दिए जाने के यथाशीघ्र बाद, निम्नलिखित को पूरा करने के लिए अपेक्षित सभी धनराशियों का संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि में से विनियोजन का प्रावधान करने हेतु एक विधेयक प्रस्तुत किया जाएगा—

(क) विधान सभा द्वारा इस प्रकार दिया गया अनुदान, तथा

(ख) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि पर प्रभारित व्यय किंतु यह किसी भी मामले में विधान सभा के समक्ष पूर्व में रखे गए विवरण में दर्शायी गई राशि से अधिक नहीं होगा।

(2) विधान सभा में किसी ऐसे विधेयक पर कोई संशोधन का प्रस्ताव नहीं किया जाएगा जिसका किसी राशि में अंतर लाने या इस प्रकार किए गए किसी अनुदान के लक्ष्य को परिवर्तित करने या जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि पर प्रभारित किसी व्यय की राशि में अंतर लाने का प्रभाव होगा तथा इस बारे में कि क्या संशोधन इस उपधारा के अंतर्गत अननुमेय है, पीठासीन व्यक्ति का निर्णय अंतिम होगा।

(3) इस अधिनियम के अन्य उपबंधों के अध्यधीन, किसी भी वित्त विधयेक को, इस धारा के उपबंधों के अनुसार पारित विधि द्वारा किए गए विनियोजन के अंतर्गत के सिवाय संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि से वापस नहीं लिया जाएगा।

अनुपूरक, अतिरिक्त या अतिरेक अनुदान।

44. (1) उप-राज्यपाल यथास्थिति विधान सभा के समक्ष उस व्यय की अनुमानित राशि को दर्शाते हुए दूसरा विवरण प्रस्तुत करवाएगा या ऐसे पूर्व अनुमोदन के साथ विधान सभा में ऐसे अतिरेक हेतु मांग को प्रस्तुत करवाएगा—

(क) यदि धारा 43 के उपबंधों के अनुसार बनाई गई किसी विधि द्वारा प्राधिकृत राशि, जिसे चालू वित्तीय वर्ष हेतु विशेष सेवा के लिए खर्च किया जाना है, उस वर्ष के प्रयोजनों के लिए अपर्याप्त पाया जाता है या जब चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उस वर्ष के लिए वार्षिक वित्तीय विवरण में विचार नहीं की गई किसी नई सेवा पर अनुपूरक या अतिरिक्त व्यय हेतु आवश्यकता पड़ गई हो, या

(ख) यदि किसी सेवा या उस वर्ष के लिए प्रदान की गई राशि से अधिक कोई धनराशि किसी वित्तीय वर्ष में उस सेवा पर खर्च की गई हो;

(2) धारा 41, 42 और 43 के उपबंधों का प्रभाव, किसी ऐसे विवरण और व्यय या मांग के संबंध में तथा किसी ऐसी विधि के संबंध में, जो ऐसी मांग के संबंध में ऐसे व्यय या अनुदान को पूरा करने के लिए जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि की धनराशि के विनियोजन को प्राधिकृत करते हुए बनायी जानी है, वही होगा जो प्रभाव उनका वार्षिक वित्तीय विवरण तथा उसमें उल्लिखित व्यय या किसी

अनुदान हेतु मांग और ऐसे व्यय और अनुदान को पूरा करने के लिए जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि की धनराशियों के विनियोजन के प्राधिकार हेतु बनाए जाने वाली विधि के संबंध में होगा।

लेखानुदान।

45. (1) इस भाग के पूर्वोक्त उपबंधों में किसी बात के होते हुए भी, विधान सभा को उस व्यय के संबंध में धारा 43 के उपबंधों के अनुसार ऐसे अनुदान पर मतदान तथा विधि को पारित करने के लिए धारा 42 में विहित प्रक्रिया के पूरा होने तक किसी वित्तीय वर्ष के भाग के लिए अनुमानित व्यय के संबंध में अग्रिम रूप से कोई अनुदान देने की शक्ति होगी तथा विधान सभा को विधि द्वारा उन प्रयोजनों के लिए, जिनके लिए उक्त अनुदान दिया गया है, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि से धनराशि को आहरित करने हेतु प्राधिकृत करने की शक्ति होगी।

(2) धारा 42 और 43 के उपबंधों का उपधारा 1 के अंतर्गत कोई अनुदान देने या उस उपधारा के अंतर्गत बनाई जाने वाली किसी विधि के सबंध में वही प्रभाव होगा जो उनका वार्षिक वित्तीय विवरण में उल्लिखित किसी व्यय तथा ऐसे व्यय को पूरा करने के लिए जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि में से धनराशियों के विनियोजन के प्राधिकार हेतु बनाई जाने वाली विधि के संबंध में होता है।

प्रक्रिया नियमावली।

46. (1) विधान सभा इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन अपनी कार्य प्रक्रिया और कार्य संचालन को विनियमित करने के लिए नियम बना सकती है:

परंतु यह कि उप-राज्यपाल विधान सभा के अध्यक्ष से परामर्श करने के बाद—

(क) वित्तीय कार्य को समय पर पूरा करने हेतु;

(ख) किसी वित्तीय विषय या जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि में से धनराशियों के विनियोजन हेतु इसी विधेयक के संबंध में विधान सभा में कार्य प्रक्रिया और कार्य संचालन को विनियमित करने हेतु;

(ग) किसी ऐसे विषय, जो उप-राज्यपाल के कार्यों के निर्वहन को प्रभावित करता हो, जहां तक उनसे उनके विवेक से कार्य करना इस अधिनियम द्वारा अपेक्षित है, के बारे में चर्चा करने या प्रश्न पूछने से निषिद्ध करने हेतु नियम बनायेंगे।

(2) जब तक उपधारा 1 के अंतर्गत नियम नहीं बनाए जाते हैं तब तक मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य की विधान सभा के संबंध में, इस अधिनियम के प्रारंभ होने से ठीक पहले लागू प्रक्रिया नियमावली और स्थायी आदेशों का, ऐसे आशोधनों और अनुकूलनों, जो विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा उसमें बनाए जाएं, के अध्यधीन जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा के संबंध में प्रभाव होगा।

जम्मू और कश्मीर की भाषा या भाषाएं या उसकी विधान सभा में प्रयोग की जाने वाली भाषा या भाषाएं।

47. (1) विधान सभा विधि द्वारा जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में प्रयोग के लिए कोई एक या एक से अधिक भाषा या जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के सभी या किसी प्रयोजनों के लिए प्रयोग किए जाने के लिए हिंदी को शासकीय भाषा या भाषाओं के रूप में अपना सकती है।

(2) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा में कार्य संचालन, जम्मू और कश्मीर की शासकीय भाषा या भाषाओं या हिंदी या अंग्रेजी में किया जाएगा:

परंतु यह कि विधान सभा के अध्यक्ष या इस रूप में कार्य करने वाले कोई व्यक्ति, जैसा भी मामला हो, किसी ऐसे सदस्य को अपनी मातृभाषा में विधान सभा को संबोधित करने के लिए अनुमति दे सकता है जो उपर्युक्त किन्हीं भाषाओं में अपने आप को पर्याप्त रूप से अभिव्यक्त नहीं कर सकते हैं।

अधिनियमों/विधेयकों के लिए प्रयोग की जाने वाली भाषा।

48. (1) धारा 47 में निहित किसी बात के होते हुए भी, जब तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबंध न कर दे,—

(क) विधान सभा में पुर:स्थापित किए जाने वाले सभी विधेयकों या लाए जाने वाले उनसे संबंधित संशोधनों,

(ख) विधान सभा द्वारा पारित सभी अधिनियमों; तथा

(ग) विधान सभा द्वारा बनाई गई किसी विधि के अंतर्गत जारी सभी आदेशों, नियमों, विनियमों और उपनियमों,

के प्रामाणिक पाठ अंग्रेजी भाषा में होंगे:

परंतु यह कि जहां विधान सभा ने, विधान सभा में पुर:स्थापित विधेयकों, उसके द्वारा पारित अधिनियमों या जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा द्वारा बनाई गई किसी विधि के अंतर्गत जारी किसी आदेश, नियम, विनियम या उपनियम में प्रयोग के लिए अंग्रेजी भाषा से भिन्न कोई भाषा विहित की है वहां शासकीय राजपत्र में उप-राज्यपाल के प्राधिकार से प्रकाशित उसके अनुवाद को अंग्रेजी भाषा में उसका प्रामाणिक पाठ माना जाएगा।

विधान सभा में चर्चा पर प्रतिबंध।

49. उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश का उनके कर्तव्यों के निर्वहन में आचरण के संबंध में विधान सभा में कोई चर्चा नहीं होगी।

विधान सभा की कार्यवाहियों की जांच न्यायालयों द्वारा नहीं किया जाना।

50. (1) विधान सभा की किसी कार्यवाही की विधिमान्यता पर प्रक्रिया की किसी कथित अनियमितता के आधार पर प्रश्न नहीं खड़ा किया जाएगा।

(2) विधान सभा में कोई अधिकारी या सदस्य, जिनमें कार्य प्रक्रिया कार्य संचालन को विनियमित करने या विधान सभा में व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस अधिनियमन द्वारा या उसके अंतर्गत शक्तियां निहित हैं, अपने द्वारा ऐसी शक्तियों के निर्वहन के संबंध में किसी न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अध्यधीन नहीं होंगे।

विधान सभा सचिवालय।

51. (1) विधान सभा का पृथक सचिवालय स्टाफ होाग।

(2) विधान सभा, अपने सचिवालय स्टाफ के लिए भर्ती तथा नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्तों को विधि द्वारा विनियमित कर सकती है।

(3) जब तक उपधारा 2 के अंतर्गत विधानसभा द्वारा उपबंध नहीं किया जाता है तब तक उप-राज्यपाल विधान सभा के अध्यक्ष से परामर्श करने के बाद विधान सभा के सचिवालय स्टाफ की भर्ती तथा नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्तों का विनियमित करने के लिए नियम बना सकती है और इस प्रकार बनाए गए किसी भी नियम का प्रभाव उक्त उपधारा के अंतर्गत बनाई गई किसी विधि के प्रावधानों के अध्यधीन होगा।

विधान सभा के अवसान के दौरान अध्यादेश प्रख्यापित करने की उप-राज्यपाल की शक्ति।

52. (1) यदि किसी समय, उसके सिवाय जब विधान सभा सत्र में हो, उसके उप-राज्यपाल इस बात से संतुष्ट हैं कि ऐसी परिस्थितियां मौजूद हैं जिनसे उनके लिए तुरंत कार्रवाई करना आवश्यक है तो वह परिस्थितियों के अनुसार ऐसे अध्यादेश प्रख्यापित कर सकते हैं:

परंतु यह कि इस धारा के अंतर्गत अध्यादेश बनाने की शक्ति केवल ऐसे विषयों के संबंध में होगी जिनके संबंध में विधान सभा को विधियों बनाने की शक्ति है।

(2) इस धारा के अंतर्गत प्रख्यापित अध्यादेश का वही प्रभाव होगा जो उप-राज्यपाल द्वारा सहमति प्राप्त विधान सभा के किसी अधिनियम का होता है किंतु ऐसा प्रत्येक अध्यादेश—

(क) विधान सभा के समक्ष रखा जाएगा और यह विधान सभा की दोबारा बैठक शुरू होने से छह सप्ताह व्यतीत होने पर समाप्त हो जाएगा, या यदि उस अवधि के समाप्त होने से पहले इस अध्यादेश को अस्वीकृत करते हुए एक प्रस्ताव विधान सभा द्वारा पारित कर दिया जाए; तथा

(ख) उप-राज्यपाल द्वारा किसी समय वापस लिया जा सकता है।

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की मंत्रिपरिषद

मंत्रिपरिषद।

53. (*1*) एक मंत्रिपरिषद होगी जिसमें विधान सभा के कुल सदस्यों के दस प्रतिशत से अधिक सदस्य शामिल नहीं होंगे, शीर्ष पर मुख्य मंत्री उन मामलों के संबंध में कार्य करने में उप-राज्यपाल की मदद और सलाह देंगे जिनके बारे में विधान सभा को कानून बनाने की शक्ति है, सिवाय जबकि उनकी आवश्यकता हो अथवा इस अधिनियम के तहत अपने विवेक से कार्य करते हों अथवा इस विधि के द्वारा अथवा अधीन कोई न्यायिक या अर्धन्यायिक कार्य करते हों:

(2) उप-राज्यपाल अपने कार्य के दौरान किसी मामले में अपने विवेक से कार्य करेंगे:

(*i*) जो विधान सभा को प्रदत्त शक्तियों के दायरे से बाहर हो; अथवा

(ii) जिसमें उनके द्वारा विवेक से कार्य करने के किसी विधि के द्वारा अथवा उसके अधीन अथवा उन्हें किसी न्यायिक दायित्व को प्रयोग करने की आवश्यकता हो।

(iii) अखिल भारतीय सेवाओं और भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो से संबंधित हो ।

परन्तु यह कि कोई मामला है अथवा नहीं, का कोई प्रश्न उठता है जिनके संबंध में इस अधिनियम के द्वारा अथवा उसके अन्तर्गत उप-राज्यपाल को अपने विवेकानुसार कार्य की आवश्यकता है, उप-राज्यपाल का अपने विवेक से लिया गया निर्णय अंतिम होगा और उप-राज्यपाल के किसी भी कार्य की वैधता पर उस आधार पर प्रश्न नहीं किया जाएगा कि उन्हें अपने विवेक से कार्य करना चाहिए या नहीं करना चाहिए

(3) कोई भी प्रश्न और वह कैसा भी हो, उप-राज्यपाल का मंत्रियों को दी गई सलाह की किसी भी न्यायालय में जांच नही की जाएगी।

मंत्रियों के लिए अन्य प्रावधान।

54. (1) उप-राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की नियुक्ति की जाएगी और उप-राज्यपाल मुख्यमंत्री की सलाह से अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करेंगे।

(2) मंत्री उप-राज्यपाल के प्रसादपर्यंत पद पर रहेंगे।

(3) मंत्रीपरिषद सामूहिक रूप से विधान सभा के प्रति उत्तरदायी होगी।

(4) मंत्री के अपने पद के संभालने से पूर्व, उप-राज्यपाल चौथी अनुसूची में प्रयोजनार्थ निर्धारित प्ररूप के अनुसार पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

(5) मंत्री जो एक साथ छह महीनों की अवधि के लिए विधान सभा के सदस्य नहीं रहा है, उस अवधि के अवसान पर मंत्री नहीं रहेगा।

(6) मंत्रियों का वेतन और भत्ते विधान सभा द्वारा समय-समय पर विधि द्वारा निर्धारित किए जाएंगे और विधान सभा द्वारा निर्धारित न किए जाने पर ये उप-राज्यपाल द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।

मंत्रियों के लिए अन्य प्रावधान।

55. (1) उप-राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह से इनके संबंध में नियम बनाएंगे—

(क) मंत्रियों के लिए कार्य आबंटन के लिए; तथा

(ख) उप-राज्यपाल और मंत्रिपरिषद अथवा किसी मंत्री के बीच मत भिन्नता के होने पर अंगीकृत की जाने वाली प्रक्रिया सहित मंत्रियों के साथ और अधिक सुविधाजनक कार्य संव्यवहार के लिए।

(2) इस अधिनियम में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, उप-राज्यपाल के सभी कार्यकारी कार्रवाई, चाहे वे उसके मंत्रियों की सलाह से की गई हो अथवा अन्यथा हो, उप-राज्यपाल के नाम पर की गई मानी जाएगी।

(3) उप-राज्यपाल के नाम से किए गए अथवा सम्पन्न किए गए आदेश और अन्य दस्तावेज मंत्रिपरिषद की सलाह से उप-राज्यपाल द्वारा बनाए गए नियमों के विनिर्दिष्ट अनुसार अधिप्रमाणित किए जाएंगे, तथा इस प्रकार अधिप्रमाणित ऐसे आदेश अथवा दस्तावेज की वैधता पर इस आधार पर प्रश्न नहीं उठाए जाएंगे कि यह उप-राज्यपाल द्वारा निर्मित अथवा संपन्न आदेश अथवा दस्तावेज नहीं है।

उप-राज्यपाल को सूचना उपलब्ध करवाने के संबंध में मुख्यमंत्री के कर्तव्य आदि।

56. मुख्यमंत्री का यह कर्तव्य होगा—

(क) संघ राज्य क्षेत्र के कार्यों के संचालन तथा विधान प्रस्तावों के संबंध में मंत्रिपरिषद के सभी निर्णयों के बारे में उप-राज्यपाल को सूचित करना;

(ख) उप-राज्यपाल के मांगने पर संघ राज्य क्षेत्र के कार्यों के संचालन तथा विधान के प्रस्तावों के संबंध में ऐसी सूचना उपलब्ध कराना।

जम्मू और कश्मीर राज्य की विधान परिषद की समाप्ति।

57. (1) किसी विधि, दस्तावेज, निर्णय, अध्यादेश, नियम, विनियम अथवा अधिसूचना में निहित प्रतिकूलता के बावजूद निर्धारित दिन को और उसके बाद से मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य की विधान परिषद समाप्त हो जाएगी।

(2) विधान परिषद के समाप्त होने पर, उसका प्रत्येक सदस्य, सदस्य नहीं रहेगा।

(3) निर्धारित दिन से पहले विधान परिषद में लम्बित सभी विधेयक परिषद के समाप्त होने पर तत्काल समाप्त हो जाएंगे।

भाग–4

लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासन

लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के उपराज्यपाल की नियुक्ति।

58. (1) राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 239 के अन्तर्गत उनके द्वारा नियुक्त उप–राज्यपाल के द्वारा उपयुक्त समझे जाने वाली सीमा तक किया जाएगा।

(2) राष्ट्रपति भारत के संविधान के अनुच्छेद 240 के अधीन लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र की शांति, प्रगति और सुशासन के लिए विनियम बना सकते हैं

(3) इस प्रकार बनाया गया कोई विनियम लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के लिए संसद या अस्थायी रूप से प्रयोज्य अन्य किसी विधि द्वारा निर्मित किसी अन्य अधिनियम के द्वारा निरस्त अथवा संशोधित किया जा सकता है तथा राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किए जाने पर यह लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के लिए लागू संसद के अधिनियम के समान सशक्त और प्रभावी होगा।

(4) केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किए जाने वाले सलाहकार (रों) द्वारा उप–राज्यपाल की सहायता की जाएगी।

भाग–5

निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन

परिभाषाएं।

59. इस भाग में, जब तक संदर्भ के लिए आवश्यक न हो—

(क) ''संबंधित सदस्य'' का अर्थ है, धारा 60 के तहत परिसीमन आयोग से संबंधित सदस्य;

(ख) ''परिसीमन आयोग'' का अर्थ है, परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा 3 के अधीन और तत्पश्चात संसद द्वारा निर्मित किसी विधि द्वारा गठित किया जाने वाला परिसीमन आयोग; 2002 का 33

(ग) ''चुनाव आयोग'' का अर्थ है भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त चुनाव आयोग;

(घ) ''नवीनतम जनगणना आंकड़े'' का अर्थ है, नवीनतम जनगणना में निर्धारित जनसंख्या संबंधी आंकड़े जिनमें से अंतिम रूप के प्रकाशित आंकड़े उपलब्ध हैं;

(ङ) 'संसदीय निर्वाचन क्षेत्र'' का अर्थ है, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र लोक सभा के लिए चुनावों के प्रयोजन से विधि द्वारा उपबंधित निर्वाचन क्षेत्र।

(च) ''विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र'' का अर्थ है, विधान सभा के लिए निर्वाचन के प्रयोजन से विधि द्वारा उपबंधित निर्वाचन क्षेत्र।

निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन।

60. (1) इस अधिनियम की धारा 14 की उपधारा (3) के प्रति पूर्वाग्रह के बिना जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र को विधान सभा में सीटों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 हो जाएगी तथा चुनाव आयोग द्वारा निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन इसके बाद उपबंधित प्रकार से नियत किया जाएगा—

(क) विधान सभा में संविधान के संबंधित प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या;

(ख) संघ राज्य क्षेत्र में जिन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का विभाजन किया जाएगा, प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्रों की व्याप्ति और जिनमें अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी; और

(ग) आवश्यक अथवा समीचीन होने पर प्रत्येक संघ राज्य क्षेत्र सीटें संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की व्याप्ति की सीमाओं और विवरण का समायोजन

(2) उपधारा के खण्ड (ख) और (ग) में उल्लिखित मामले निर्धारित करने के लिए, चुनाव आयोग निम्नवत प्रावधानों पर विचार करेगा, नामत:—

(क) सभी निर्वाचन क्षेत्र एकल-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र होंगे;

(ख) सभी निर्वाचन क्षेत्र यथा व्यावहारिक भौगोलिक रूप से संपूर्ण क्षेत्र होंगे तथा उनका परिसीमन करते समय भौतिक विशेषताओं, प्रशासनिक इकाइयों की मौजूदा सीमाओं, संचार उपयोगिताओं तथा लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखा जाएगा; तथा

(ग) जिन निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी उन्हें यथा व्यावहारिक उन क्षेत्रों में अवस्थित किया जाएगा जहां कुल जनसंख्या में उनकी जनसंख्या का अनुपात विशालतम होगा।

(3) चुनाव आयोग उपधारा (1) के अधीन अपने प्रकार्यों के निष्पादन में सहायता के प्रयोजन से संबंद्ध सदस्यों के रूप में अपने साथ, विर्निदिष्ट आदेश के द्वारा केंद्रीय सरकार के तौर पर चार व्यक्ति, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा के सदस्य होने के कारण अथवा जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे लोक सभा के चार सदस्य संबद्ध करेगा;

परन्तु यह कि कोई भी संबंद्ध सदस्य को मत देने अथवा चुनाव आयोग के किसी निर्णय पर हस्ताक्षर करने का अधिकार हो

(4) यदि मृत्यु अथवा त्यागपत्र के कारण संबद्ध सदस्य का पद रिक्त हो जाता है, तो उसे उप-धारा (3) के प्रावधानों के अनुसार यथा व्यावहारिक रूप से भरा जाएगा।

(5) चुनाव आयोग—

(क) निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के अपने प्रस्ताव किसी संबद्ध सदस्य के यदि कोई असहमतिपूर्ण प्रस्ताव है, जो चुनाव आयोग के द्वारा इस उपयुक्त समझे जाने पर सरकारी राजपत्र में प्रस्तावों के संबंध में आपत्तियों और सुझावों को आमंत्रित करते हुए नोटिस के साथ प्रस्तावों को प्रकाशित करेगा तथा उस तारीख को विनिर्दिष्ट करेगा जिसको या जिसके बाद प्रस्तावों पर इसके द्वारा विचार किया जाएगा;

(ख) उन सभी आपत्तियों और सुझावों पर विचार करेगा जो इसके द्वारा विनिर्दिष्ट तारीख से पहले प्राप्त हुए हैं; तथा

(ग) इस प्रकार विनिर्दिष्ट तारीख से पहले इसके द्वारा प्राप्त सभी आपत्तियों और सुझावों पर विचार करने के बाद, निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन निर्धारण से संबंधित एक या उसके अधिक आदेश तथा ऐसे आदेश या आदेशों को सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किया जाना है और ऐसे प्रकाशन के पश्चात आदेश अथवा आदेशों को विधि के समान पूर्ण शक्ति प्राप्त होगी और किसी भी न्यायालय में उस पर प्रश्न नहीं उठाए जाएंगे।

(6) ऐसे प्रकाशन के तुरंत बाद, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में ऐसा प्रत्येक आदेश जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा के समक्ष रखा जाएगा।

परिसीमन आदेशों को अद्यतन रखने के लिए चुनाव आयोग की शक्तियां।

61. (1) चुनाव आयोग सरकारी राजपत्र में प्रकाशन द्वारा,—

(क) धारा 60 के अधीन बनाए गए किसी आदेश में कोई मुद्रण त्रुटि अथवा भूल-चूक से हुई किसी गलती को सही करेगा; और

(ख) जहां ऐसे किसी आदेश अथवा आदेशों में उल्लिखित किसी प्रादेशिक प्रभाग की सीमाओं अथवा नाम को परिवर्तित किया जाता है तो आवश्यक या समीचीन लगने वाले ऐसे आदेश को अद्यतन करने के लिए संशोधन करेगा।

(2) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित इस धारा के अधीन प्रत्येक अधिसूचना को इसे जारी करने के बाद शीघ्र विधान सभा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

2011 की जनसंख्या के आधार पर संसदीय और विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के पुन:समायोजन के लिए विशेष उपबंध।

62. (1) निर्धारित तारीख को अथवा से परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा 10 की उप-धारा (1) अथवा उक्त धारा की उपधारा (2) अथवा उपधारा (4) में कुछ भी निहित के अधीन आदेशों के प्रकाशन के बावजूद परिसीमन अधिनियम, 2002 को निम्नवत अनुसार संशोधित किया गया माना जाएगा: 2002 का 33

(क) धारा 2 (च) में, ''परंतु जम्मू और कश्मीर राज्य शामिल नहीं है'' शब्दों को लोप कर दिया जाएगा; तथा

(ख) विधान सभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के प्रयोजन से जहां कहीं भी ''वर्ष 2001 में की गई जनगणना'' आता है, वहां शब्दों और संख्या को ''वर्ष 2011 में की गई जनगणना'' शब्द और संख्या माना जाएगा।

(2) उत्तरवर्ती जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में धारा 60 के अधीन यथा उपबंधित निर्वाचन क्षेत्रों का विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में पुन: समायोजन इस अधिनियम द्वारा यथा संशोधित परिसीमन अधिनियम, 2002 के अधीन गठित किए जाने वाले परिसीमन आयोग द्वारा किया जाएगा तथा यह केंद्रीय सरकार के आदेश द्वारा सरकारी राजपत्र में प्रकाशित विनिर्दिष्ट तारीख से प्रभावी हो जाएगा।

(3) उत्तरवर्ती जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में धारा 11 के अधीन यथा उपबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में पुन:समायोजन इस अधिनियम द्वारा यथा संशोधित परिसीमन अधिनियम 2002 के अधीन गठित किए जाने वाली परिसीमन आयोग द्वारा किया जाएगा तथा यह केंद्रीय सरकार के सरकारी राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट तारीख से प्रभावी हो जाएगा।

विधान सभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के पुन: समयोजन के संबंध में विशेष उपबंध।

63. धारा 59 से 61 में कुछ भी निहित के बावजूद, जब तक कि वर्ष 2026 के बाद प्रथम जनगणना के लिए संबंधित आंकड़ें प्रकाशित नहीं किए जाते हैं, उत्तरवर्ती जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के विभाजन का विधान सभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में पुन: समायोजन आवश्यक नहीं होगा और इस भाग में ''नवीनतम जनगणना आकंड़ों'' के किसी भी संदर्भ को 2011 के जनगणना आंकड़ों का संदर्भ माना जाएगा।

परिसीमन की प्रक्रिया।

64. संसद द्वारा निर्मित विधि में यथा उपबंधित प्रक्रिया इस भाग के अंतर्गत संसदीय और विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के संबंध में उसी प्रकार लागू होगी जिस प्रकार विधि के अधीन संसदीय और विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के संबंध में लागू है।

भाग-6
अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां

अनुसूचित जाति आदेश की प्रायोज्यता।

65. नियत दिन को और उस दिन से संविधान जम्मू और कश्मीर (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1956 जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र पर लागू माना जाएगा। जम्मू और कश्मीर (अनुसूचित जाति) आदेश 1956

अनुसूचित जनजाति आदेश की प्रायोज्यता।

66. नियत दिन को और उस दिन से संविधान जम्मू और कश्मीर (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, 1989 जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र पर लागू माना जाएगा। जम्मू और कश्मीर (अनुसूचित जनजाति) आदेश 1989

भाग-7
विविध और संक्रमण कालीन उपबंध

जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र की समेकित निधि।

67. (*1*) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में भारत सरकार या जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के उप राज्यपाल को किसी विषय, जिसके संबंध में जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा को विधान बनाने की शक्ति प्राप्त है, प्राप्त सभी राजस्व, एवं भारत की समेकित निधि से जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र को दिए गए सभी अनुदान तथा सभी ऋण, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित

निधि की प्रतिभूति पर भारत सरकार या उप राज्यपाल द्वारा लिए गए सभी ऋण एवं ऋणों को चुकता करने के लिए जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र द्वारा प्राप्त सभी धनराशियां ''जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के समेकित निधि'' के रूप में ज्ञात एक समेकित निधि होगी''

(*2*) ऐसी समेकित निधि से कोई भी धनराशि इस अधिनियम के अनुसार, और उसके प्रयोजनों के लिए तथा उसमें उपबंधित रीति के सिवाय विनियोजित नहीं की जाएगी।

(*3*) ऐसी समेकित निधि की अभिरक्षा, ऐसी निधियों में धनराशियों का भुगतान, उससे धनराशियों का आहरण तथा उन मामलों से संबंधित या उपषंगी सभी अन्य मामले उप राज्यपाल द्वारा बनाए गए नियमों के द्वारा विनियमित होंगे।

जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र का सरकारी लेखा और उसमें जमा की गई धनराशियां।

68. (*1*) नियत दिन को और उस दिन से उप राज्यपाल द्वारा अथवा उनकी ओर से प्राप्त सभी सार्वजनिक अन्य धनराशियां ''जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के सरकारी लेखों'' के नाम से ज्ञात सरकारी लेखों में जमा की जाएंगी।

(*2*) संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि में जमा की गई धनराशियों से भिन्न सार्वजनिक धनराशियों की अभिरक्षा अथवा उप-राज्यपाल द्वारा या उनकी ओर से प्राप्त जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की आकस्मिक निधि, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के सरकारी लेखे में उनके भुगतान तथा ऐसे लेखों से धनराशियों के आहरण एवं पूर्वोक्त मामलों से संबंधित अथवा उपषंगी अन्य सभी मामले मंत्रिमंडल की सलाह पर उपराज्यपाल द्वारा बनाए गए नियमों से विनियमित होंगे।

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की आकस्मिक निधि।

69. (*1*) ''जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की आकस्मिक निधि'' नामक अग्रिम स्वरूप की आकस्मिक निधि स्थापित की जाएगी, जिसमें जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा द्वारा बनाए गए विधान द्वारा समय-समय पर निर्धारित ऐसी धनराशियां जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि से और उससे अदा की जाएंगी, तथा उक्त निधि उप-राज्यपाल के पास रखी जाएगी ताकि उनके द्वारा दिए जाने वाले अग्रिम दिए जा सकें।

(*2*) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की आकस्मिक निधि से विधान द्वारा विनियोजन के अधीन विधान सभा द्वारा ऐसे व्यय को प्राधिकृत करने तक अनापेक्षित व्यय को पूरा करने के प्रयोजन के सिवाय कोई अग्रिम नहीं दिया जाएगा।

(*3*) मंत्रिमंडल की सलाह पर उप-राज्यपाल, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की आकस्मिक निधि की अभिरक्षा से संबंधित अथवा उपषंगी सभी मामलों में इस निधि से धनराशियों के भुगतान, और उनके आहरण को विनियमित करने के लिए नियम बना सकेंगे।

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि की प्रतिभूति पर ऋण।

70. (*1*) संघ राज्य क्षेत्र की कार्यकारी शक्ति, विधान सभा द्वारा कानून के द्वारा नियत की गई सीमाओं के भीतर जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि की प्रतिभूति के आधार पर लिए जाने वाले ऋणों तथा इस प्रकार निर्धारित सीमाओं के भीतर गारंटी देने पर लागू होगी।

(*2*) गारंटी प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए अपेक्षित ऐसी धनराशियां जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि से प्रभारित की जाएंगी।

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लेखों का स्वरूप।

71. जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लेखों के रख-रखाव के तरीके का निर्धारण उप-राज्यपाल भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक से राय प्राप्त करने के बाद निर्धारित कर सकेंगे।

लेखापरीक्षा रिपोर्टें।

72. धारा 67 की उप-धारा (*1*) में उल्लिखित तारीख के बाद की किसी अवधि से संबंधित जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लेखों से संबंधित भारत के भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन उप-राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे जो उन्हें विधान सभा के समक्ष प्रस्तुत कराएंगे।

संवैधानिक तंत्र के विफल होने की दशा में उपबंध।

73. यदि राष्ट्रपति का, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के उप-राज्यपाल से कोई रिपोर्ट प्राप्त होने पर या अन्यथा इस बात से समाधान हो जाता है कि,—

(क) ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन का संचालन इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार नहीं किया जा सकता है, अथवा

(ख) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के समुचित प्रशासन के लिए ऐसा करना आवश्यक अथवा समीचीन है, तो

राष्ट्रपति ऐसी अवधि जो वे उचित समझें, के लिए आदेश द्वारा इस अधिनियम के समस्त या उसके किसी उपबंध के प्रवर्तन को आस्थगित कर सकेंगे और इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए आवश्यक अथवा समीचीन प्रतीत होने वाले प्रासंगिक और परिणामी उपबंध बनाने पर विचार कर सकेंगे।

व्यय को राष्ट्रपति द्वारा प्राधिकृत करना।

74. जब धारा 73 के अधीन किसी आदेश के परिणामस्वरूप विधान सभा भंग हो जाती है अथवा ऐसी सभा का कार्य संचालन स्थगित हो जाता है और उस समय लोक सभा सत्र में नहीं होगी तो उस स्थिति में राष्ट्रपति, संसद द्वारा व्यय की मंजूरी दिए जाने तक जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि से व्यय को प्राधिकृत करने के लिए सक्षम होंगे।

भाग–8

उच्च न्यायालय

जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय को साझा उच्च न्यायालय बनाना।

75. (*1*) नियत दिन को और उस दिन से—

(क) जम्मू और कश्मीर का उच्च न्यायालय जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के लिए साझा होगा।

(ख) नियत तारीख से तुरंत पहले पदधारी वर्तमान जम्मू और कश्मीर राज्य के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश उस दिन से साझे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बन जाएंगे।

(*2*) इस साझे उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन और भत्तों के संबंध में व्यय का आबंटन जनसंख्या के अनुपात के आधार पर जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के बीच किया जाएगा।

बार कौन्सिल और अधिवक्ताओं से संबंधित विशेष उपबंध।

76. (*1*) अधिवक्ता अधिनियम, 1961 कि धारा 75 की उपधारा (1) में उल्लिखित तारीख को और उस तारीख से, धारा 3 में, उपधारा (1) में,— 1961 का 25

(क) खंड (क) में ''जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र'' शब्दों को हटा दिया जाएगा।

(ख) उपखंड (च) के बाद निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, नामत:—

—(छ)— जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र, जम्मू और कश्मीर; तथा लद्दाख की बार काउंसिल के रूप में ज्ञात होंगे।

(*2*) अधिवक्ता अधिनियम, 1961 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में निहित किसी भी बात के होते हुए कोई व्यक्ति, जो धारा 75 की उपधारा (1) में उल्लिखित तारीख से तत्काल पहले वर्तमान जम्मू और कश्मीर राज्य की बार काउंसिल के रोल पर अधिवक्ता है, और जम्मू और कश्मीर के उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहा है, ''जम्मू और कश्मीर; तथा लद्दाख की बार काउंसिल'' का सदस्य बना रहेगा।

(*3*) धारा 75 की उपधारा (1) में उल्लिखित तारीख से तत्काल पूर्व अधिवक्ताओं से भिन्न प्राधिकृत व्यक्ति को उस तारीख को और उस तारीख के बाद ऐसे प्राधिकृत व्यक्ति के रूप में यथा स्थिति जम्मू और कश्मीर साझा उच्च न्यायालय में तथा उसके किसी अधीनस्थ न्यायालय में, प्रेक्टिस करने की मान्यता दी जाएगी।

(*4*) धारा 75 की उपधारा (1) में उल्लिखित तारीख से तत्काल पूर्व जम्मू और कश्मीर के साझा उच्च न्यायालय में सुनवाई के अधिकार का विनियमन उन्हीं सिद्धांतों के अनुरूप किया जाएगा जो जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय में सुनवाई के अधिकार के संबंध में लागू हैं।

जम्मू और कश्मीर साझा उच्च न्यायालय में वकालत और प्रक्रिया।

77. इस भाग के उपबंधों के अध्यधीन, जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय में वकालत और प्रक्रिया के संबंध में धारा 75 की उपधारा (1) में उल्लिखित तारीख से तत्काल पूर्व प्रवृत्त विधि साझे जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय के संबंध में आवश्यक संशोधनों सहित लागू होगी और तदनुसार साझे जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय को ऐसी वकालत और प्रक्रिया के संबंध में नियम बनाने तथा आदेश जारी करने की सभी शक्तियां प्राप्त होंगी जो उस तारीख से तत्काल पूर्व साझे जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय द्वारा प्रयोग की जा रही थीं:

परन्तु यह कि जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय में वकालत और प्रक्रिया के संबंध में धारा 75 की उपधारा (1) में उल्लिखित तारीख से तत्काल पूर्व प्रभावी कोई नियम अथवा आदेश साझे जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय में वकालत और प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक परिवर्तनों के साथ साझे जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय द्वारा नियमों अथवा आदेशों द्वारा निरस्त किए जाने तक उच्च न्यायालय द्वारा किए गए आवश्यक संशोधनों के साथ लागू होंगे।

व्यावृत्ति।

78. इस भाग में उल्लिखित कोई भी बात संविधान के किसी भी उपबंध के प्रवर्तन को प्रभावित नहीं करेगी, और यह भाग ऐसे किसी उपबंध के अध्यधीन प्रभावी होगा जिसे विधायिका अथवा ऐसे उपबंध पर शक्ति रखने वाले अन्य प्राधिकरण द्वारा साझे जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के संबंध में धारा 75 की उपधाारा (1) में उल्लिखित तारीख को अथवा उसके बाद किया जा सकेगा।

भाग–9
जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र का एडवोकेट जनरल

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र का एडवोकेट जनरल।

79. (1) उप–राज्यपाल ऐसे किसी व्यक्ति को जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए एडवोकेट जनरल नियुक्त करेंगे जो उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किए जाने का पात्र हो।

(2) ऐसे एडवोकेट जनरल का दायित्व उन कानूनी मामलों पर संघ राज्य क्षेत्र की सरकार को सलाह देना होगा और वह उक्त सरकार द्वारा उसे संदर्भित अथवा सौंपे गए कानूनी स्वरूप के अन्य दायित्वों का निर्वाह करेगा, तथा संविधान के द्वारा अथवा उसके अधीन अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि द्वारा उसे प्रदत्त दायित्वों का निर्वाह करेगा।

(3) अपने दायित्वों का निष्पादन करते हुए एडवोकेट जनरल को जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के सभी न्यायालयों में सुनवाई के दौरान रहने का अधिकार प्राप्त होगा।

(4) एडवोकेट जनरल उप–राज्यपाल के प्रसाद पर्यन्त अपने पद पर बना रहेगा तथा उसे उप–राज्यपाल द्वारा निर्धारित किया जाने वाला परिश्रमिक प्राप्त होगा।

भाग–10
राजस्व के व्यय और उसके वितरण का प्राधिकार

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के व्यय को प्राधिकृत करना।

80. वर्तमान जम्मू और कश्मीर राज्य के राज्यपाल नियत दिन से पूर्व किसी भी समय जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि से ऐसे व्यय को प्राधिकृत कर सकते हैं जिसे वे जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विधानसभा द्वारा ऐसे व्यय की मंजूरी होने तक नियत दिन से छह महीने से अनधिक की किसी अवधि के लिए आवश्यक समझे:

परंतु यह कि जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के उप–राज्यपाल नियत दिन के बाद उक्त छह महीने की अवधि से अधिक की किसी अवधि के लिए जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि से उनके द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले ऐसे और व्यय को प्राधिकृत कर सकते हैं।

लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के व्यय को प्राधिकृत करना।

81. वर्तमान जम्मू और कश्मीर राज्य के राज्यपाल नियत दिन से पूर्व किसी भी समय जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि से ऐसे व्यय को प्राधिकृत कर सकते हैं जिसे वे संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर के लिए संसद द्वारा ऐसे व्यय की मंजूरी होने तक नियत दिन से छह महीने से अनधिक की किसी अवधि के लिए आवश्यक समझे:

परंतु यह कि राष्ट्रपति नियत दिन के बाद उक्त छह महीने की अवधि से अधिक की किसी अवधि के लिए भारत की समेकित निधि से उनके द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले ऐसे और व्यय को प्राधिकृत कर सकते हैं।

जम्मू और कश्मीर राज्य के लेखाओं से संबंधित रिपोर्टें।

82. (*1*) नियम दिन के पूर्व किसी अवधि के संबंध में वर्तमान जम्मू कश्मीर राज्य के लेखों से संबंधित अनुच्छेद 151 के खण्ड (दो) में उल्लिखित भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्टें उत्तरवर्ती जम्मू और कश्मीर संघ राजक्षेत्र तथा संघ लद्दाख राज्य क्षेत्र के उप-राज्यपालों को प्रस्तुत की जाएंगी।

(*2*) तत्पश्चात् जम्मू और कश्मीर के उप-राज्यपाल रिपोर्टों को जम्मू और कश्मीर की विधायिका के समक्ष प्रस्तुत करवाएंगे।

(*3*) जम्मू और कश्मीर के उप-राज्यपाल आदेश के द्वारा—

(क) जम्मू और कश्मीर की समेकित निधि से वित्त वर्ष के दौरान अथवा किसी पूर्ववर्ती वित्त वर्ष के संबंध में नियत दिन से पहले किसी अवधि के संबंध में किसी सेवा पर उस सेवा के लिए तथा उस वर्ष के लिए मंजूर की गई रकम से व्यय की गई अधिक रकम को विधिवत प्राधिकृत घोषित कर सकते हैं;

(ख) उक्त रिपोर्टों से उत्पन्न वाले किसी भी मामले पर किसी कार्यवाही की व्यवस्था कर सकते हैं।

राजस्व का वितरण।

83. (*1*) चौदहवें वित्त आयोग द्वारा वर्तमान जम्मू और कश्मीर राज्य को दिए गए प्रावधान को उत्तरवर्ती जम्मू कश्मीर-संघ राज्य क्षेत्र; तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के बीच केन्द्र सरकार द्वारा जनसंख्या के अनुपात और अन्य प्राचलों के आधार पर विनियोजित किया जाएगा:

परंतु यह कि नियत दिन को राष्ट्रपति संघ राज्य क्षेत्र वित्त आयोग को यह संदर्भ करेंगे कि वह उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख को उपलब्ध सभी संसाधनों को हिसाब में ले और उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख के लिए पृथक व्यवस्था करे।

परंतु यह कि नियत दिन को राष्ट्रपति 14वें वित्त आयोग को यह संदर्भ करेंगे कि वह जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र को अपने विचारणीय विषयों में शामिल करे और उत्तरवर्ती जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए व्यवस्था करे।

(2) उपधारा (1) में किसी भी बात के होते हुए केन्द्र सरकार उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख को उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त अनुदान की व्यवस्था करेगी और यह भी सुनिश्चित करेगी कि पर्याप्त लाभ और विशेष विकास पैकेज के रूप में प्रोत्साहन इस क्षेत्र के पिछड़े क्षेत्रों को दिए जाएंगे।

भाग-11
परिसंपत्तियों और देयताओं का विनियोजन

इस भाग का प्रवर्तन।

84. (*1*) इस भाग के उपबंध नियत दिन से तत्काल पूर्व वर्तमान जम्मू और कश्मीर राज्य की परिसंपत्तियां और देयताएं उत्तरवर्ती जम्मू कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा उत्तरवर्ती लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के बीच विनियोजित करने के संबंध में लागू होंगे।

(*2*) वर्तमान जम्मू और कश्मीर राज्य की परिसंपत्तियों और देयताओं का विनियोजन केन्द्र सरकार द्वारा गठित की जाने वाली समिति की सिफारिशों के अध्यधीन होगा।

(*3*) विनियोजन की प्रक्रिया नियत दिन से बारह महीनों की अवधि के भीतर पूरी की जाएगी।

भाग-12
कतिपय निगमों तथा अन्य किसी मामले के संबंध में उपबंध

सलाहकार समिति (समितियां)।

85. (*1*) केन्द्र सरकार आदेश के द्वारा निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए नियत दिन से 90 दिन की अवधि के भीतर एक अथवा उससे अधिक सलाहाकार समितियां गठित कर सकेगी।

(क) मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए गठित कंपनियों और निगमों की परिसंपत्तियों, अधिकारों और दायित्वों का जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के बीच आनुपातिक बंटवारा;

(ख) बिजली के उत्पादन और आपूर्ति तथा जल आपूर्ति के संबंध में सतत प्रबंधन से संबंधित मुद्दे;

(ग) जम्मू और कश्मीर राज्य वित्त निगम से संबंधित मुद्दे; और

(घ) ब्याज और शेयरों के बंटवारे तथा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के गठन से संबंधित मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए गठित कंपनियों से संबंधित मुद्दे।

(ङ) कुछ राज्य संस्थाओं में सुविधाओं से संबंधित मुद्दे।

(च) इस धारा के अंतर्गत शामिल न किए गए किसी अन्य मामलों से संबंधित मुद्दे।

(*2*) इस धारा की उप-धारा (*1*) के अंतर्गत इस प्रकार नियुक्त समितियां, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के उप-राज्यपाल को छह माह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी।

कुछ मौजूदा सड़क परिवहन परमिटों को जारी रखने के लिए अस्थाई उपबंध।

86. (*1*) मोटरवाहन अधिनियम 1988 की धारा 88 में निहित किसी बात के होते हुए भी, मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के राज्य परिवहन प्राधिकरण अथवा राज्य में कोई क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त परमिट, यदि ऐसे परमिट नियत दिन से तत्काल पहले हस्तांतरित भू-भाग के किसी क्षेत्र में वैध और प्रभावी थे, तो वे उस क्षेत्र में तत्समय प्रवृत्त उस अधिनियम के प्रावधानों में अध्यधीन उस दिन से इसकी वैधता की तारीख तक उस क्षेत्र में वैध और प्रभावी बने रहेंगे; और ऐसे क्षेत्र में प्रयोग के लिए ऐसे किसी परमिट को वैध करने के प्रयोजनार्थ किसी संघ राज्य क्षेत्र अथवा किसी क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कराना आवश्यक नहीं होगा।

परन्तु यह कि उप-राज्यपाल परमिट देने वाले प्राधिकरण द्वारा परमिट के साथ संबंद्ध शर्तों को संशोधित करने अथवा बदलने का प्रावधान कर सकते हैं।

(2) ऐसे किसी परमिट के अधीन उत्तरवर्ती किसी संघ राज्य क्षेत्र में इनके परिचालन के लिए किसी परिवहन वाहन के संबंध में नियत दिन के बाद कोई भी पथकर, प्रवेश शुल्क अथवा इस तरह के अन्य प्रभार नहीं लगाए जाएंगे, यदि ऐसे वाहन को उस दिन से ठीक पहले हस्तांतरित भू-भाग में उसके प्रचालन के लिए ऐसे किसी पथकर, प्रवेश शुल्क अथवा अन्य प्रभार के भुगतान से छूट प्राप्त है:

परन्तु यह कि केन्द्र सरकार जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की सरकार अथवा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासन, जैसा भी मामला हो, से परामर्श करने के पश्चात्, ऐसा कोई भी पथकर, प्रवेश शुल्क अथवा अन्य प्रभार, जैसा की मामला हो, लगाने के लिए प्राधिकृत कर सकता हो:

परन्तु यह भी कि इस उपधारा के प्रावधान वहां लागू नहीं होंगे जहां ऐसे पथकर, प्रवेश शुल्क अथवा इस प्रकार के अन्य प्रभार किसी ऐसी सड़क अथवा ऐसे पुल के प्रयोग हेतु लगाए जाते हैं, जिसे राज्य सरकार, राज्य सरकार के उपक्रम, ऐसे संयुक्त उपक्रम जिसमें राज्य सरकार एक शेयर होल्डर है अथवा निजी क्षेत्र द्वारा वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए निर्मित अथवा विकसित किया जाता है।

आयकर के रूप में विशेष उपबंध।

87. जहां व्यवसाय कर रहे किसी कारपोरेट निकाय की परिसम्पत्तियां, अधिकार और देयताएं इस भाग के प्रावधानों के अंतर्गत किसी ऐसे अन्य कारपोरेट निकाय को हस्तांतरित किये जाते हैं, जो ऐसे हस्तान्तरण के पश्चात् वही व्यवसाय करता है, तो पहले उल्लिखित कारपोरेट निकाय को हुए नुकसान अथवा प्राप्त लाभ अथवा फायदा, जो ऐसे अंतरण के बाद हुए हैं; को आयकर अधिनियम, 1961 के अध्याय VI के प्रावधानों के अनुसार आगे ले जाने और आरंभ करने की अनुमति प्रदान की जाएगी, और केंद्र सरकार द्वारा इसकी ओर से बनाए जाने वाले नियमों के अनुसार हस्तांतरित हुए कारपोरेट निकायों के बीच आनुपातिक रूप से बांट दिए जाएंगे और इस आनुपतिक बंटवारे पर प्रत्येक हस्तांतरित हुए कारपोरेट निकाय को आबंटित नुकसान के हिस्से को उक्त अधिनियम के अध्याय VI के प्रावधानों के अनुसार ठीक उसी तरह निपटाया जाएगा जैसे कि हस्तांतरित हुए कारपोरेट निकाय को उसके द्वारा उस वर्ष जिसमें उसको नुकसान हुआ था, किए गए व्यवसाय में ऐसा नुकसान हुआ था।

भाग–13

सेवाओं के रूप में प्रावधान

अखिल भारतीय सेवाओं से संबंधित प्रावधान।

88. (*1*) इस धारा में ''राज्य संवर्ग'' अभिव्यक्ति—

(क) भारतीय प्रशासनिक सेवा के संबंध में वही अर्थ है जो भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 में दिया गया है। आई ए एस सवंर्ग नियमावली 1954

(ख) भारतीय पुलिस सेवा के संबंध में वही अर्थ है जो भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग) नियमावली 1954 में दिया गया है; और आई पी एस संवर्ग नियमावली 1954

(ग) भारतीय वन सेवा के संबंध में वही अर्थ है जो भारतीय वन सेवा (संवर्ग) नियमावली 1966 में दिया गया है। आई एफ एस संवर्ग नियमावली 1966

(2) मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा के संवर्ग के सदस्य नियत दिन को और उस दिन से मौजूदा संवर्ग में कार्य करते रहेंगे।

(3) मौजूदा जम्मू और कश्मीर संवर्ग में वर्तमान में आए अधिकरियों की अनंतिम संख्या, संघटन और आबंटन उप–धारा–(2) में यथा उल्लिखित जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के लिए वही होंगी जो जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के उप–राज्यपाल, आदेश द्वारा, नियत दिन को अथवा उसके बाद निर्धारित करेंगे।

(4) नियत दिन से ठीक पहले जम्मू और कश्मीर संवर्ग में वर्तमान में आए उक्त सेवा के प्रत्येक सदस्य को उत्तरवर्ती जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के बीच उस तरीके से और उस तारीख अथवा दिन से अंतिम रूप से आबंटित किया जाएगा, जो केन्द्र सरकार, आदेश द्वारा, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के उप–राज्यपाल की सिफारिश के आधार पर विनिर्दिष्ट करें।

(5) दोंनों संघ राज्य क्षेत्रों को इस प्रकार आबंटित अधिकारीगण इन संघ राज्य क्षेत्रों में केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार कार्य करेंगे।

(6) भविष्य में जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र अथवा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र, जैसा भी मामला हो, में तैनात किए जाने वाले अखिल भारतीय सेवा के अधिकारीगण अरूणाचल गोवा मिजोरम संघ राज्य क्षेत्र संवर्ग में आएंगे, और केंद्र सरकार द्वारा तदनुसार संवर्ग आबंटन नियमावली में सदृश आवश्यक आशोधन किए जाएंगे।

अन्य सेवाओं से संबंधित उपबंध।

89. (*1*) प्रत्येक, व्यक्ति जो मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के मामलों के संबंध में प्रतिस्थानी आधार पर नियत दिन के ठीक पहले सेवाएं प्रदान कर रहा है, वह जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के उप–राज्यपाल के सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा, उस दिन और उसी तारीख से अनत्तिम तौर पर जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के मामलों के संबंध में सेवाएं प्रदान करता रहेगा:

परन्तु यह कि नियत दिन से एक वर्ष की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् इस उप–धारा के अंतर्गत जारी प्रत्येक निदेश उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्रों की सरकार अथवा प्रशासन, जैसा भी मामला हो, के परामर्श से जारी किए जाएगा।

(2) नियत दिन के पश्चात् जितना जल्दी हो सके, जम्मू और कश्मीर के उप–राज्यपाल, सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा उस उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र का निर्धारण करेंगे, जिसमें उप–धारा (1) में उल्लिखित प्रत्येक व्यक्ति को कर्मचारियों से विकल्प मांगने प्राप्त विकल्प पर विचार करने के पश्चात् और उस तारीख से जिससे यह आबंटन प्रभावी होगा अथवा प्रभावी माना जाएगा, को अंतिम रूप से सेवा के लिए आबंटित किया जाएगा:

परन्तु यह कि आबंटन हो जाने के पश्चात् भी, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के उप–राज्यपाल आदेश द्वारा, सेवा में किसी कमी को पूरा करने के उद्देश्य से किसी अधिकारी को एक उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र से दूसरे संघ राज्य क्षेत्र में तैनात कर सकते हैं।

(3) ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जिसे उप-धारा (2) के प्रावधानों के तहत उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र में अन्तत: आबंटित दिया जाता है, यदि वह वहां पहले से कार्य नहीं कर रहा है तो वह उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र में उस तारीख से सेवा के लिए उपलब्ध रहेगा जो उत्तरतवी जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की सरकार तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन के बीच सहमति हो, अथवा ऐसी सहमति के न होने पर जैसा भी केंद्र सरकार द्वारा निश्चित किया जाए:

परंतु यह कि केंद्र सरकार के पास इस धारा के अंतर्गत जारी अपने किसी आदेश की पुनरीक्षा करने की शक्तियां होंगी।

सेवाओं से संबंधित अन्य उपबंध।

90. (1) इस धारा अथवा धारा 89 में कोई भी उपबंध नियत दिन को अथवा उसके बाद संघ अथवा किसी संघ राज्य क्षेत्र के मामले के संबंध में सेवाएं देने वाले व्यक्ति की सेवाओं की शर्तों के निर्धारण के संबंध में संविधान के भाग 14 के अध्याय I के लागू होने अथवा उसके बाद प्रभावी नहीं माना जाएगा:

परन्तु यह कि धारा 89 के अंतर्गत जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र अथवा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र को आबंटित किए गए किसी व्यक्ति के मामले में नियत दिन से ठीक पहले लागू सेवा शर्तें उप-राज्यपाल के पूर्व अनुमोदन के सिवाय उसकी हानियों के सबंध में भिन्न नहीं होगी।

(2) किसी व्यक्ति द्वारा नियत दिन से पूर्व दी गई सभी सेवाएं—

(क) यदि उसे धारा 89 के अंतर्गत किसी संघ राज्य क्षेत्र में आबंटन दिया गया माना जाता है, तो उसकी सेवाएं उस संघ राज्य क्षेत्र के मामले के संबंध में दी गई सेवाएं मानी जाएगी।

(ख) यदि उसे उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन के संदर्भ में आबंटन दिया गया माना जाता है तो उसकी सेवा शर्तों के विनियमन संबंधी कानूनों के प्रयोजनार्थ संघ के मामले के संबंध में दी गई सेवाएं मानी जाएगी।

(3) धारा 89 के उपबंध किसी भी अखिल भारतीय सेवा में संबंध में लागू नहीं होगी।

उसी पद में अधिकारियों को बनाए रखने के उपबंध।

91. प्रत्येक व्यक्ति जो नियत दिन से ठीक पहले वर्तमान जम्मू और कश्मीर राज्य के मामलों के संबंध में किसी ऐसे क्षेत्र में किसी पद अथवा कार्यालय को धारण कर रहा है अथवा उसके दायित्व निर्वहन कर रहा हैं जो उस दिन उत्तरवर्ती किसी एक संघ राज्य क्षेत्र के अंतर्गत आता है तो वह उस उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र में वही पद अथवा कार्यालय धारण करता रहेगा और उस दिन को अथवा उस दिन से उस उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र में सरकार अथवा किसी अन्य उपयुक्त प्राधिकरण द्वारा उस पद अथवा कार्यालय में विधिवत नियुक्त किया गया माना जाएगा:

परन्तु यह कि इस धारा का कोई भी भाग सक्षम प्राधिकारी को उस पद अथवा कार्यालय में ऐसे व्यक्ति को बनाए रखने से संबंधित किसी आदेश के संबंध में कोई भी आदेश पारित करने से रोकने वाला नहीं समझा जाएगा।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए उपबंध।

92. नियत दिन को अथवा उस दिन से, राज्य सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों और अन्य स्वायत्त निकायों के कर्मचारी एक वर्ष की अवधि के लिए ऐसे उपक्रम, निगम अथवा स्वायत्त निकायों में कार्य करता रहेगा और इस अवधि के दौरान संबंधित निगमित निकाय उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्रों के बीच कार्मिकों के वितरण संबंधी औपचारिकताओं का निर्धारण करेगा।

राज्य लोक सेवा आयोग से संबंधित उपबंध।

93. (1) मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए राज्य लोक सेवा आयोग नियत दिन को अथवा उस दिन से जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए लोक सेवा आयोग होगा।

(2) संघ लोक सेवा आयोग, राष्ट्रपति के अनुमोदन से लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

(3) मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष अथवा अन्य सदस्य के रूप में नियत दिन के ठीक पहले कार्यालय धारण कर रहा कोई भी व्यक्ति नियत दिन से जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष अथवा सदस्य, जैसा भी मामला हो, होगा।

(4) प्रत्येक व्यक्ति जो उप-धारा (3) के अंतर्गत नियत दिन को जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष अथवा अन्य सदस्य बनता है, वह जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की राज्य सरकार से वे सेवा शर्तें प्राप्त करने का हकदार होगा जो उनसे कम अनुरूप नहीं होंगी जिनके लिए वह उस पर लागू प्रावधानों के अंतर्गत हकदार था।

(5) नियत दिन से पूर्व किसी अवधि के संबंध में आयोग द्वारा किए गए कार्य के रूप में जम्मू और कश्मीर संघ लोक सेवा आयोग की रिपोर्ट जम्मू और कश्मीर राज्य के उप-राज्यपाल को प्रस्तुत की जाएगी और जम्मू और कश्मीर संघ राज्य का उप-राज्यपाल, ऐसी रिपोर्ट प्राप्त होने पर यथासंभव व्याख्यात्मक ज्ञापन के साथ ऐसे किसी मामले, यदि कोई है, जहां आयोग की सलाह नहीं मानी गई थी, के संबंध में एक प्रति तैयार कराएगा और ऐसी अस्वीकृति के कारणों को जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के समक्ष रखा जाएगा।

भाग-14
विधिक और विविध प्रावधान

1956 के अधिनियम 37 की धारा 15 का संशोधन ।

94. नियत दिन को अथवा उस दिन से, राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 में खंड (क) में ''जम्मू और कश्मीर'' के स्थान **जम्मू** और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रतिस्थापित किया जाएगा।

कानूनों का भू-भागीय विस्तार।

95. (1) इस अधिनियम की पांचवीं अनुसूची की तालिका में दिए गए सभी केंद्रीय कानून, नियत दिन को अथवा उस दिन से उसी रूप में लागू होंगे जैसा कि जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में उपबंधित है।

(2) नियत दिन से ठीक पहले मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य में लागू पांचवी अनुसूची के सभी अन्य कानून उसी रूप में लागू होंगे जैसा कि जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में उपबंधित है।

कानून अंगिकार करने की शक्तियां।

96. पांचवी अनुसूची में यथा वर्णित नियत दिन से ठीक पहले बनाए किसी भी कानून को उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में लागू करने के लिए सुकर बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार उस दिन से एक वर्ष के व्यतीत होने के पहले, आदेश द्वारा, निरसन अथवा संशोधन के जरिए कानून के ऐसे अंगीकरण अथवा आशोधन करेगी जो आवश्यक अथवा जरूरी हों और, इसके पश्चात ऐसा प्रत्येक कानून इस प्रकार बनाए गए अंगीकरणों और अशोधनों के अध्यधीन लागू होगा जब तक की सक्षम विधान सभा अथवा अन्य सक्षम प्राधिकरण द्वारा उसे परिवर्तित निरस्त अथवा संशोधित न कर दिया जाए।

कानून बनाने की शक्तियां।

97. इस बात के होते हुए भी कि नियत दिन से पहले बनाए गए कानून के अंगीकरण के लिए धारा 96 के अंतर्गत कोई उपबंध अथवा अपूर्ण उपबंध बनाए गए हैं तो ऐसे कानून को लागू करने के लिए अपेक्षित अथवा शक्तिप्राप्त कोई भी न्यायालय, अधिकरण अथवा प्राधिकरण जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में इसे लागू करने के प्रयोजनार्थ इसके आशय को प्रभावित किए बगैर उस तरीके से कानून बनाएगा जो न्यायालय, अधिकरण अथवा प्रधिकरण के समक्ष मामले के संबंध में आवश्यक अथवा समुचित हो।

सांविधिक कार्यों को निष्पादित करने के लिए अधिकरणों आदि को नाम देने की शक्ति।

98. उप-राज्यपाल संबंधित भू-भाग के संबंध में सरकारी राजपत्र में सूचना के द्वारा उस प्राधिकारी, अधिकारी अथवा व्यक्ति को विनिर्दिष्ट कर सकता है जो नियत दिन को अथवा उस दिन जो उस अधिसूचना में उल्लिखित की जाए, के बाद उस दिन प्रवृत किसी भी कानून के अंतर्गत ऐसे कार्यों को निष्पादित करने के लिए सक्षम होगा और ऐसे कानून तदनुसार प्रभावी होंगे।

विधिक कार्यवाहियां।

99. जहां नियत दिन से ठीक पहले, मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य इस अधिनियम के अंतर्गत उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र के बीच आनुपातिक बंटवारे के अध्यधीन किसी संपत्ति, अधिकार अथवा देयताओं के संबंध में किसी कानूनी कार्यवाही का पक्षकार है, वहां जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र अथवा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र जो इस अधिनियम के किसी उपबंध के द्वारा उस संपत्ति अथवा उन अधिकारों अथवा देयताओं को उत्तराधिकार स्वरूप प्राप्त करता है अथवा उसमें शेयर प्राप्त करता है, को मौजूदा

जम्मू और कश्मीर राज्य के संबंध में प्रतिस्थापित माना जाएगा अथवा उन कार्यवाहियों में पक्षकार के रूप में जोड़ा जाएगा और तदनुसार कार्यवाहियां चलती रहेंगी।

लंबित कार्यवाहियों का अंतरण।

100. (1) न्यायालय (उच्च न्यायालय से इतर), अधिकरण, प्राधिकरण अथवा ऐसे कोई क्षेत्र जो उस दिन जम्मू और कश्मीर राज्य के अंतर्गत आता है, के अधिकारी के समक्ष नियत दिन से ठीक पहले लंबित प्रत्येक कार्यवाही, यदि यह कार्यवाही अनन्य रूप से उस भू-भाग से संबंधित है जो उस दिन से किसी संघ राज्य क्षेत्र का भू-भाग है, तो वह उस संघ राज्य क्षेत्र के समरूप न्यायालय, अधिकरण, प्राधिकारी अथवा अधिकारी को अंतरित माना जाएगा।

(2) यदि कोई ऐसा प्रश्न उठता है कि कोई कार्यवाही उप-धारा (1) के अंतर्गत अंतरित कार्यवाही मानी जानी चाहिए तो उसे जम्मू और कश्मीर के सामान्य उच्च न्यायालय को भेजा जाएगा और उस उच्च न्यायालय का निर्णय अंतिम होगा।

(3) इस धारा में—

(क) कार्यवाही में कोई वाद, मामला अथवा अपील शामिल है, और

(ख) किसी संघ राज्य क्षेत्र में समरूप न्यायालय, अधिकरण, प्राधिकारी अथवा अधिकारी का तात्पर्य है—

(i) ऐसा न्यायालय, अधिकरण, प्राधिकारी अथवा अधिकारी जिसमें अथवा जिसके समक्ष कार्यवाहियां प्रस्तुत की जाएंगी, यदि यह नियत दिन के पश्चात शुरू हुई थी, अथवा

(ii) संदेह की स्थिति में उस संघ राज्य क्षेत्र में ऐसा न्यायालय, अधिकरण, प्राधिकारी अथवा अधिकारी, जैसा उस संघ राज्य क्षेत्र की सरकार अथवा प्रशासन अथवा केंद्र सरकार, जैसा भी मामला हो, द्वारा नियत दिन के पश्चात अथवा मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य की सरकार द्वारा नियत दिन के पहले निश्चित किया जाए, समरूप न्यायालय, अधिकरण, प्राधिकारी अथवा अधिकारी होगा।

कुछ मामलों में प्लीडर्स को वकालत करने का अधिकार।

101. कोई भी व्यक्ति जो नियत दिन के ठीक पहले मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य में अधीनस्थ न्यायालय में वकालत करने के लिए प्लीडर के रूप में सूचीबद्ध है, वह उस दिन से एक वर्ष के अवधि के लिए इस बात के होते हुए भी कि उन न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाला सम्पूर्ण अथवा कोई भू-भाग किसी संघ राज्य क्षेत्र को अंतरित कर दिया गया है, उन न्यायालयों में वकालत करने के लिए हकदार बना रहेगा।

अन्य कानूनों के अनुरूप अधिनियम के उपबंधों का प्रभाव।

102. किसी अन्य कानून में निहित किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी इस अधिनियम के प्रावधान प्रभावी रहेंगे।

कठिनाइंया दूर करने की शक्ति।

103. (1) इस अधिनियम को प्रभावी बनाने में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो राष्ट्रपति आदेश द्वारा ऐसे प्रावधानों के प्रतिकूल ऐसा कुछ भी कर सकता है जो उस कठिनाई को दूर करने हेतु उन्हें आवश्यक अथवा जरूरी लगे:

परन्तु यह कि नियत दिन से पांच वर्ष की अवधि व्यतीत होने के पश्चात ऐसा कोई आदेश नहीं दिया जाएगा।

(2) इस धारा के अधीन दिया गया प्रत्येक आदेश संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

उद्देश्यों और कारणों का विवरण

जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल का क्षेत्र बहुत बड़ा है किन्तु यहां की आबादी विरल है और भू–भाग बहुत ही कठिन है। लद्दाख के लोगों की लम्बे समय से यह मांग रही है कि लद्दाख को संघ राज्य क्षेत्र का दर्जा दिया जाए ताकि वहां के लोग अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकें। लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में विधानमंडल नहीं होगा।

इसके अतिरिक्त, मौजूदा जम्मू और कश्मीर राज्य में सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा दिये जाने के कारण आंतरिक सुरक्षा की व्याप्त स्थिति के मद्देनजर जम्मू और कश्मीर के लिए एक पृथक संघ राज्य क्षेत्र सृजित किया जा रहा है। जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में विधानमंडल होगा।

नई दिल्ली; **अमित शाह**

05 अगस्त, 2019

वित्तीय ज्ञापन

राजस्व के वितरण के संबंध में इस विधेयक के खण्ड 43 में यह उपबंध किया गया है कि केन्द्रीय सरकार जनसंख्या अनुपात और अन्य मापदंडों के आधार पर दो उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्रों के बीच चौदहवें वित्त आयोग द्वारा किए गए अवार्ड के हिस्से को निर्धारित करेगी। उक्त खण्ड में, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के लिए उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए, उस उत्तरवर्ती संघ राज्य क्षेत्र को समुचित अनुदान प्रदान करने की योजना भी है।

विधेयक के खण्ड 84 में सलाहकार समिति (तियों) की सिफारिशों के आधार पर परिसंपत्तियों और देनदारियों के विनियोजन का उल्लेख किया गया है जिसके लिए भारत की समेकित निधि से व्यय आवश्यक हो सकता है।

लद्दाख के लिए बिना विधानमंडल वाले पृथक संघ राज्य क्षेत्र के गठन के लिए, भारत की समेकित निधि से व्यय आवश्यक होगा।

प्रथम अनुसूची

[धारा 9 देखें]

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र

राज्य परिषद् के सदस्य

क्र. सं.	पदासीन सदस्य का नाम	कार्यकाल
1.	फैयाज मीर मोहम्मद	11/02/2015 से 10/02/2021
2.	लावाय श्री नजीर अहमद	16/02/2015 से 15/02/2021
3.	मन्हास श्री शमशेर सिंह	11/02/2015 से 10/02/2021
4.	गुलाम नबी आजाद	16/02/2015 से 15/02/2021

दूसरी अनुसूची

[धारा 11 (1) देखें]

द डिलिमेटेशन ऑफ पार्लियामेंट री कॉन्स्टीट्युऐंसी ऑर्डर, 1976

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र

क्र. सं.	निर्वाचन क्षेत्र का नाम	निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार
1.	बारामूला	बारामूला जिला
2.	श्रीनगर	श्रीनगर जिला
3.	अनंतनाग	अनंतनाग जिला
4.	उधमपुर	उधमपुर, डोडा और कठुवा जिले
5.	जम्मू	जम्मू, राजौरी और पुंछ जिले

लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र

क्र. सं.	निर्वाचन क्षेत्र का नाम	निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार
1.	लद्दाख	लद्दाख जिला

नोट:- (i) इस अनुसूची में किसी जिले का सदर्भ उस क्षेत्र के संबंध में लिया जाएगा जो अगस्त 1975 में पहले दिन को उस जिले में शामिल होगा।

(ii) संविधान (जम्मू और कश्मीर के लिए लागू) आदेश 1954 (सीओ 48) द्वारा जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए यथा लागू भारत के संविधान के अनुच्छेद 81 व 82 के अंर्तगत द डिलिमेटेशन ऑफ पार्लियामेंट एंड असेंबली कॉन्स्टीट्युऐंसी ऑर्डर, 1976 में शामिल विवरण के अनुसार ।

तीसरी अनुसूची

[धारा 14 (5) देखें]

द डिलिमेटेशन ऑफ पार्लियामेंट कॉन्स्टीट्युऐंसी ऑर्डर, 1995

जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र
संसदीय निर्वाचन क्षेत्र

क्र॰ सं॰	निर्वाचन क्षेत्र का नाम	विस्तार
1	2	3
		कुपवाड़ा जिला
1.	करनाह	तहसील करनाह के सभी पीसी; तहसील कुपवाड़ा का पीसी केरान
2.	कुपवाड़ा पीसी	18–सुलाकोट, 20–रडाबग, 22–बमहामा, 23–द्रुर्गमुला; 25–गुशी; 26–बटेरगाम; 27–ददीकूट, 30–गुलगाम, 31–हर्राइ, 32–हयान, 33–त्रेहगाम, 34–गुगलोस, 35–क्रालपोरा, 36–गुजेरयोल, 37–गुंडीजोना–रेशी, 38–पंजगाम, 39–मीलयाल, 40–शूलूरा, 41–दर्दीहेरी–खरागुंड, 42–कुपवाड़ा और पीसी, 55–मंझगाम, तहसील हंदवाड़ा में।
3.	लोलाब	पीसी 1–हरदुरिंग, 2–चोंटीवारी, 3–माछिल, 4–कलारोच, 5–खूमरयाल, 6– कंठापोरा, 7–वावूरा, 8–मैदानपोरा, 9–खुरहामा, 10–वारनोव, 11–क्रूसान, 12–सोगम, 13–दरापोरा, 14–लालपोरा, 15–चंडीगाम, 16–टेकीपोरा, 17–दीवार इंद्रबग, 19–मनिगाह, 29–हैहामा, 45–दर्दापोरा, तहसील कुपवाड़ा में।
4.	हंदवाड़ा	पीसी 8–मैदान चोगल, 28–तारटपोरा, 29–वीलगाम, 30–लीलाम, 31–दुलीपोरा, 32–ओपजावानी, 33–शोगापोरा, 34–नीलीपोरा, 35–मगम, 36, जगरपोरा, 39–बेहनीपोरा, 40–राजपोरा, 41–झचलदारा, 42–वादेर, 43–तुर्कापोरा, 44–छांजीमूला, 45–वादीपोरा, 46–भाकी अखर, 47–बाताकूट, 48–बरारीपोरा, 49–वारीपोरा गोनीपोरा, 50–नूतानूसा, 51–कांडीखास, 52–हंदवाड़ा, 53–धामा, 54–हंदवाड़ा तहसील में पंचाकूट और 21–केगाम, 28–नगरीमालपोरा, 24–नजातपोरा, तहसील कुपवाड़ा में।
5.	लांगटे	पीसी 1–लांगटे, 2–ऊनूसू, 3–पोहरूपेठ, 4–गलूरा, 5–मर्तगाम, 6–हंगा, 7–शानू, 9–नौगाम, 10–मवार, 11–कूलामचकला, 12–अदूरा, 13–हारिल, 14–द्रंगसू–शाह नगरी, 15–उदीपोरा– 16–करालगुंड, 17–लोकीपोरा, 18–कीचलो काजीपोरा, 19–खाइपोरा, 20–पंडितपोरा, 21–सुपर–नगम,22–आशापोरा, 23–सफलपोरा, 24–क्रालपोरा, 25–दीदारपोरा, 26–शाथगुंड–बल्ला, 27–रवालपोरा, 37–वशियाकावनर, 38–लछमपोरा, तहसील हंदवाड़ा में ।
		बारामूला जिला
6.	उड़ी	उड़ी तहसील के सभी पीसी
7.	राफियाबाद	पीसी 11–चकलू, 12–नदिहाल, 13–शीतलू, 15–बिनर कहदूरा; तहसील बारामूला में और पीसी 5–नाओपोरा कलां, 8–वाटरगाम, 9–फिदरपोरा, 10–हांदीपोरा, 11–यरबग, 12–रिबन–रमहामा, 13–लाडेारा, 14–रेहामा, 15–चिजाहामा, 16–वनपोरा, 17–पनजल्ला–गुंडाबल, 18–सायलकूट, 19–बलहामा–थकानपोरा, 20–चटूसा, 21–डांगीवाचा, 22–रवाया, 23–हरदूचनम, 24–बख्शीपोरा–बाटापोरा, 25–जिथान, 36–बेहरामपोरा, 37–चिटलोरा, 38–अचाबल, तहसील सोपोर में।

1	2	3
8.	सोपोर	पीसी 1–सोपोर के साथ एनएसी, 2–वारापोरा, 3–आरामपोरा, 4–डांगेरपोरा, 6–वातालब, 32–सीलू, 33–बोटिंगू, 34–मुंदजी, 35–दूरू, 39–हरदू–शिवा, 41–आदीपोरा–बोमई, 42–वादूरा, 40–तुजार–पहलीहार, 43–हरवान, 44–जालूरा, तहसील सोपोर में।
9.	गुरेज़	तहसील गुरेज़ में सभी पीसी
10.	बांदीपोरा	तहसील बांदीपोरा में सभी पीसी और तहसील सोनावारी का पीसी–1 अजस
11.	सोनावारी	पीसी–1 अजस को छोड़कर तहसील सोनावारी में सभी पीसी
12.	संग्रामा	पीसी–16–क्रीरी, 17–विजार, 18–औथोरा, 19–शलाकावाड़ा, 20–नाओपोरा–जागीर, 21–वागूरा, 22–काचुमुकम, 24–मनिगम, 25–कालांतरा–बल्ला, 26–देदमोह, तहसील बारामूला में 27–सुल्तानपोरा–कांडी और 7–तारजू, 26–हेगम, 27–सीर–जागिर, 28–बुलागम, 29–संग्रामा, 30–क्रांक–शिवान, 31–वागव, तहसील सोपोर में
13.	बारामूला	पीसी 1–लारीडोरा, 2–हीवान, 30–मालापोरा, 4–किच–हमा, 50–उस्कारा, 6–रवानपोरा के साथ एनएसी, 7–खाजा–बाग, 8–ताकी–सुल्तान, 9–खैतंगन, 10–देलिना, 14–कांसीपोरा, 23–चंदूसा, तहसील बारामूला में।
14.	गुलमर्ग	तहसील गुलमर्ग में सभी पीसी और, 2–वाइलू क्रालपोरा, 8–श्रीवरपोरा, 9–चोकर, 10–वारीपोरा–बांगिल, 12–मालमोह, 13–नोवलारी, 16–यल
15.	पट्टन	तहसील पट्टन, 2–वाइलू–क्रालपोरा, 8–श्रीवरपोरा, 9–चोकर, 10–वारीपोरा बांगिल, 12–मालमोह, 13–नाओलारी और 16–यल, तहसील पट्टन में।
		जिला श्रीनगर
16.	कंगन	तहसील कंगन के सभी पीसी; और पीसी 1–मनीगम, 2–वाइलू, 3–नुनार, तहसील गंदेरवाल में।
17.	गंदरबल	तहसील गंदरबल 1–मनिगाम, 2–वाइलू, 3–नुनार को छोड़कर और पीसी हरन तहसील श्रीनगर में।
18.	हजरतबल	श्रीनगर नगर पालिका में वार्ड 16 (नगरपालिका क्षेत्र जो श्रीनगर तहसील में नहीं बल्कि गंदरबल तहसील में आते हैं) और पीसी 9–तहसील गंदरबल में बचपोरा और वार्ड 12 के इन मोहल्लों के सिवाय वार्ड 17 व 12; मुगल मोहल्ला, सुरतेंग, ख्वाजापोरा, कोचा निदान जिंदाशाह और इन वार्डों की बोट आबादी
19.	जदीबाल	श्रीनगर नगरपालिका के वार्ड 14 व 15 और अंचर और इन वार्डों के घाट की बोट आबादी
20.	ईदगाह	श्रीनगर नगरपालिका के वार्ड 8 व 11 और पीसी 38–लालपोरा, तहसील श्रीनगर में और 41–संगम
21.	खन्यार	श्रीनगर नगरपालिका के वार्ड 10–13 और वार्ड 12 के ये मोहल्ले–मुगल मोहल्ला, सुरातेंग, ख्वाजापोरा, जिंदशाह और कोछा निदान और इन वार्डों की बोट आबादी
22.	हब्बाकाडा	श्रीनगर नगर पालिका में वार्ड 7 और 9 तथा वार्ड 6, 7 और 9 की बोट आबादी
23.	अमिराकाडाल	श्रीनगर नगर पालिका में वार्ड 3 और 4
		(i) नातीपोरा, (ग्रामीण), (ii) रावलपोरा (ग्रामीण), (iii) हैदरपोरा (ग्रामीण); को छोड़कर और तहसील चदूरा में आरामवाड़ी, गुंड चंदाल, स्टिंगू, सुथो किरथर बाग और तहसील बडगाम में बटटूर, गलवनपोरा लालू और शेषगम बाग को छोड़कर और वार्ड 5 तथा इन वार्डों की बोट आबादी

1	2	3
24.	सोनावर	श्रीनगर नगर पालिका में वार्ड 1 तथा 2 और श्रीनगर तहसील में बादामी बाग केंटोनमेंट तथा पीसी 21–चित्रहामा, 19–दारा, 29–खूंमू, 30–बलहामा, 31–ज़िवान और इन वार्डों में घाट की बोट आबादी
25.	बटमालू	श्रीनगर नगर पालिका में वार्ड 5 और 6; और पीसी 6–मुजगुंड, 42–बाचीपोरा तेंगपोरा, श्रीनगर तहसील में।
		जिला बडगाम
26.	चदूरा	तहसील चदूरा के ये पटवार सर्कल, 16–चदूरा, 24–चट्टेरगम, 25–वगोरा, 26–वथूरा, 27–खांदा, 28–बुगम बाटापोरा, 29–क्रालपोरा, 30–हयातपोरा, 31–पोहरू, 32–रख सलीना, 33–बगामी कानीपोरा, 34–नावोगम, 35–कानीहामा, 36–दौलतपोरा, श्रीनगर नगर पालिका वार्ड 4 में श्रीनगर नगर पालिका क्षेत्र सीमा से बाहर नातीपोरा ग्रामीण क्षेत्र और 39–लसजन तथा अमरबाड़ी, गुंद, चंदाल स्टेंगू, सुथू, किर्थरबाग और 40–कुर्सू पादशाहीबाग
27.	बडगाम	पीसी 1–सोइबुगा, 2–ध्रमाना, 3–बहाबपोरा, 4–आर्थ, 5–वदवान, 6–बेमिना, 7–पल्लर, 8–गेरिएंड कलां, 9–शोलीपरा, 10–नस्सर–उल्लाह–पोरा, 11–जहामा, 12–वाटर–वानी, 28–चुने, 29–बडगाम, 30–ओमपोरा, 31–नरकारा, 32–हमहमा, 35–करेवा दामोदर, 36–गुंड साथू, 37–इचाकूट, 38–इचगम, 33–रावलपोरा (ग्रामीण), 34–हैदरपोरा (ग्रामीण), तहसील बडगाम में।
28.	बीरवाह	पीसी 1–सुज़ेथ–गूरीपोरा, 2–कवूसा खलीसा, 3–कावूसा जागिर, 4–बाटापोरा काहीहामा, 5–सानूर कालीपोरा, 6–हर्दू मालपोरा, 7–बंदागाम, 8–उटलीगाम, 9–मुला–शुल्ला, 10–सोनापह, 12–गोंदीपोरा, 21–शांग्लीपोरा, 22–खाग, 23–मालपोरा खाग, 24–हिमचीपोरा, 25–लालपोरा, 26–बीरवाह, 27–चिवदारा, 28–पेठ मुकाहामा, 29–रथूसन, 30–बोना मकाहम, 31–नगम, 32–इस्किंदरपोरा, 33–अरीपांठन, 34–पालपोरा, 36–हरदुआ–शोर्श, तहसील बीरवाह में।
29.	खानसाहिब	पीसी 11–होखालात्री, 13–फरतहन, 14–कंदूरा, 15–द्राघ, 16–सीताहरन, 17–जोगीखारियां, 18–अरिज़ल, 19–कमरू, 20–रावलपोरा–बीरवाह; और पीसी 35–तहसील बीरवाह में सैल; और पीसी 13–वाटरहैल, 14–ज्वालापोरा, 15–सोंदीपोरा, 16–दालीपोरा, 17–चारीखाह, 18–तालापोरा, 19–परनवाह दरयाग्राम, 21–फ्रेटवार काशीपुरा, 22–अरीगाम, 23–खान साहेब, 24–राईथान, 25–कछवारी, 26–गुरवेट कलान, 27–फालचाल, तहसील बडगाम में।
30.	चरारे शरीफ	पीसी 1–गोगजी पथारी, 2–बिरंजन, 3–हाफारू बाटापोरा, 4–बरनावार, 5–सुरयार, 6–डाडा–ओमपारा, 7–हांजुरा, 8–नावपोरा, 9–पाखरपोरा, 10–हारुदू दलवान फुरलीपोरा, 11–तिलसारा, 12–चरारे शरीफ, 13–वतकालू, 14–दरवान नोगाम, 15–छटेसन, 17–नागाम, 18–बांदीपूरा, 19–यारीकलान, 20–रूपूरा नामथीहाल, 21–कानेर, राणजर, 23–नागाम, 37–नावार, तहसील छादोरा में।
		पुलवामा जिला
31.	त्राल	तहसील त्राल के सभी पीसी
32.	पंपोर	तहसील पंपोर के सभी पीसी और पटवार सर्किल 26–अवंतीपोरा, 27–पादगामपोरा, 29–लिलहार, 46–निहाम, 47–काकापोरा, तहसील पुलवामा में।
33.	पुलवामा	पीसी 1–इन्द्र, 2–गंगू, 5–पुलवामा एनएसी के साथ, 9–रतनीपूरा, 10–पाहू, 11–तिरिच, 12–कोएल, 13–पिंगलीना, 14–नारवा, 17–लीत्तर–शीस्तार, 18–नाइना, 19–पंजगाम, 20–डोगरीपोरा, 21–रिशीपोरा, 22–लादरपुर, 23–नावनगरी, 24–टोकना, 25–मलंगपोरा,

1	2	3
		28–लाजूरा, 40–पालापोरा, 45–नेवा, 48–जगीर परिगाम, 49–तुमची नोपोरा, 50–हाकरीपोरा तहसील पुलवामा में।
34.	राजपोरा	पीसी 3–करीमाबाद, 4–मोरान, 6–कांगन, 7–वाहीबुग्ग, 8–गोसू, 15–बोनारा, 16–त्रिचल, 30–रामू, 31–बिलोद्रगुंद, 32–कस्बयार, 33–दुरुबगाम, 34–मित्रीगाम, 35–अभामा, 36–तुंजान, 37–खड़ूगाम, 38– नूरपोरा, 39– अरिहत, 41–तहाब–शादीपोरा, 42–अछन, 43–चंडीगाम, 44–राजपोरा तहसील पुलवाला में।
35.	वाछी	पीसी 8–कालरू मालिकगुंड, 9–नाडीगाम, 11–डंगेरपोरा, 12–तुरका वनगाम, 13–ऊरापोरा, 14–हरदू–हेंडो, 15–हरमेन, 16–चाक–चोवंद, 17–कापरन, 19–डनगाम, 20–चाकोरा, 21–परताबपोरा, 27–हेफ, 28–सुगान, 29–अवनेरा, 30–वाछी, 31–अगलार, 32–जेनापोरा और 39–अलवापोरा–शेखपूरा, तहसील सोपियान में।
36.	सोपियान	पीसी 1–साईदापोरा, 2–मीमनडार, 3–अरहामा, 4–पिनजूरा, 5–गंनावपोरा अरिश, 6–बेमनीपोरा, 7–हारापोरा, 10–तेरंज, 18–विहिलचल–अवाटू, 22–सीडीयू, 23–राम नगरी, 33–डीयारू, 34–भारतीपोरा, 35–डारामदूरा, 36–जूरा–बादरहाम, 37–नारापोरा, 38–कीगाम, 40–केलर मस्तपोरा, 41–पहलीपोरा, 42–सिंधु–श्रीमल, 43–शोपियां, 44–देवीपोरा (फोरेस्ट ब्लाक) तहसील शोपियां में।
		अनंतनाग जिला
37.	नूराबाद	पीसी 5–मालवन, 6–पहलू, 7–अखल, 23–गुद्दर, 34–ब्रिनाल लामबर, 46–दामहल–हांजीपोरा, 47–अहमदा–अबाद, 48–यारू, 49–हरदू–मनडागोरी, 51–मंजगाम, 52–असनूर, 53–वाटू, 54–अविल, 55–खूरी–बातापोरा, 56–नगाम, 57–दानौ–कंडीमार्ग, 58–बडी–जेहलन, 59–चीमार, 60–कस्बा खल, 61–नन्दीमार्ग तहसील कुलगाम में।
38.	कुलगाम	पीसी 1–कुलगाम एनएसी के साथ, 2–हनद–चवालगाम, 3–आमनू, 4–चम्बागुन्ड, 11–अशमुजी, 19–मिरहामा, 20–अकेय, 21–परिवान, 22–चेहला, 24–अरेह, 25–बिहिबाग, 26–गोपालपोरा, 38–बुगम, 39–तारीगाम–देवसर, 43–यामरोच, 44–मुनद–गुफ्फान, 45–काटेरसू, 50–लारगुरहोमा, तहसील कुलगाम में।
39.	होम–शालीबग	पीसी 8–ऊरानहल, 9–तुली–नौपारा, 10–कुजर, 12–रेडवानी, 13–अरवानी, 14–फ्रीसल, 15–जबलीपोरा, 16–वानपोरा, 17–हसनपोरा तवेला, 18–खंडी–फारी, 40–तारीगाम–देवीबग, 41–मोतीबग, 42–होमशालीबग, तहसील कुलगाम में।
40.	अनंतनाग	पीसी 1–कस्बा भगत, 2–खानावाल, 3–रूहू, 4–कमार, 5–अंचीदूरा, 6–हरदू–चीचन, 10–रणवीरपुरा, तहसील अनंतनाग में।
41.	देवसर	पीसी 27–देवसर, 28–बोना देवसर, 29–किलम–बुजगाम, 30–हबलीशी, 31–निपुरा, 32–लाराम–गानीपुरा, 33–चौगाम, 35–रजलू, 36– वेटेनगू, 37–सोपत, टेंगपुरा, 62–ओरल, तहसील कुलगाम में; और पीसी, 18–वेसू, 19–नासू बदारगुंद, 20–पानजेठ, 21–कुरीगाम, काजीगुंद एनएसी के साथ, दोरू तहसील में।
42.	दोरू	पीसी 1–दोरू, 2–बरागाम, 3–ओईबमदूथ, 4–मन्तपुरा, 5–लरकीपुरा, 6–हकुरा, बादासगम, 7–बटगुंड, 8–वेरीनाग, 9–सादीवारा, 10–मंदाह, 11–हिल्लेर, 12–नौगाम, शाहबाद, 13–रेन–चौगुड, 14–थमनकूट, 15–कमार, 16–हल्सीदर, 17–कापरोन, 22–वानगुंड, तहसील दोरू में।

1	2	3
43.	कोकेरनाग	पीसी 28–सागाम, 29–बिदर–हयातपुरा, 30–भाई, 31–अकीनगाम, 32–नागाम, 33–सूफ–शाली, 34–पंजगाम, 35–बिन्दो–जुलानगाम, 36–देवालगाम, 37–नांला सन्द–बरारी, 38–लुहार–संजी, 39–अहलान–गादोल, 40–खाराती, 41–देसू, 42–खारापुरा, 43–कस्बा–नौबग, 44–माटी हंडू, 45–लरनू, 46–कोकेरनाग एनएसी, 47–अचाबल एनएसी, तहसील अनंतनाग में।
44.	शानगस	पीसी 13–शाहीबाबाद, 14–नौगाम, 15–ईमोह, 16–बराकपुरा, 17–शानगस, 18–उत्तरासू, 19–करेरी, 20–चातेरगुल, 21–धीकलपुरा, 22–रानीपुरा, 23–देथो–नागनारायण, 24–गोपालपुरा, 25–तेलवानी, 26–कवारीगाम, अहूपोसन, तहसील अनंतनाग में।
45.	बिजबेहरा	बिजबहेरा तहसील में सभी पीसी और पीसी 7–माचा बावान, 11–नानीलैंग, 12–अकोरा, तहसील अनंतनाग में।
46.	पहलगाम	पहलगाम तहसील में सभी पीसी और पीसी–8–सीर–कनलीगुन्द, 9–सलिया, तहसील अनंतनाग में।
		डोडा जिला
47.	किश्तवाड़	पीसी, 1–मरघी, 2–इन्शान, 3–येरूदू, 4–रेनाई, 5–नौपाची, 6–चंजेर, 7–कदेराना, 8–देहराना, 9–लोपारा, 10–लोहराना, 11–सौंधर, 19–पालमार, 30–त्रिगाम, 31–किश्तवाड़, 32–मत्ता, 33–पूचल, 34–दूल, 35–भागनाह, 36–गलारबाहता, 37–अथोली, 38–सोहल, 39–इश्तियारी, 40–गुलाबहार, 41–मासू, 42–किश्तवाड़, एनएसी, 43–फोरेस्ट ब्लॉक, तहसील किश्तवाड़ में ।
48.	इंदरवाल	पीसी 12–चिनगाम, 13–इंदरवाल, 14–चतरू, 15–सिग्दी, 16–मूलछितर, 17–द्रूबील, 18–कोचल, 20–फिल्लेर, 21–पखलान, 22–केशवान, 23–शान्दरी, 24–संगना, 25–पटनाजी, 26–ज्वालापुर, 27–लौंडरी, 28–बाघाट और 29–करूल, तहसील किश्तवाड़ में; पीसी, 1–जैकयास भालेसा (गन्दोह) में और थटरी तहसीन में निम्नलिखित पीसी, 1–जंगलवार, 3–मलानू, 4–कांसू, 10–कंदोर, तहसील थातरी में।
49.	डोडा	तहसील डोडा के सभी पीसी, 8–देस्सा, 9–धंदाल, 10–कस्तीगढ़, 11–शामती, 12–चका, 13– अस्सर, 14– चरोटा को छोड़कर
50.	भादरवाह	तहसील भादरवाह के सभी पीसी और पीसी 2–बुघली, 3– चिल्ली, 4–धरावानी, 5–कहल जुगासर, 6–बुधवार, 7–चनीसर, 8–किलोतरन, 9–खारंगल, 10–गंदोह, तहसील भलेसा में, और पीसी 2–जोरा, 5–भाजा, 6–भल्ला, 7–जागिति, 8–भल्लारी, 9–रोकली, 10–पमशाई, तहसील थाथरी में।
51.	रामबन (एससी)	5–सारबगनी को छोड़कर, तहसील रामबन के सभी पीसी और 8– देस्सा, 9–धंघाल, 10–कश्तीगढ़, 11–शमती, 12–चका, 13–अस्सर, 14–चरोटा पीसी, तहसील डोडा में।
52.	बनिहाल	तहसील बनीहाल के सभी पीसी और तहसील रामबन में 5–सारबगनी
		उधमपुर जिला
53.	गुलाबगढ़	पीसी 2–माहोर, 2–सढ़, 3–देवल, 4–गुलाबगढ़, 5–चसोत, 6–बागानकोट, 7–शेरगढ़ी, 8– शिकारी, 9–कंथी, 10–तुलीबाना, 13–शजरू, तहसील गुलाबगढ़ में और पीसी 16–जिज, तहसील रियासी में।
54.	रियासी	रियासी तहसील में इन पीसी को छोड़कर:–
		1–सलल, 15–चिंकाह, 16–जिज, 17–ठकराकोट और उधमपुर तहसील में निम्न पीसी 13–पंजार, 14–लाली, 15–लादह, 17–टंडु, 18–झंडावा, 32–बढ़ौता और 19–सुहल

1	2	3
55.	गुल अरनास	गुल गुलाबगढ़ तहसीन की निम्नलिखित पीसी:
		11–थुरू, 12–भुधान, 4–कंथम, 15–जुद्दा, 16–दानौ, 17–काली मस्ता, 18–गुल, 19–ठथरका, 20–संगालदन, 21–फारेस्ट ब्लॉक, और 1–सलल, 15–चिंकाह, 17–थकराकोट तहसील रियासी में।
56.	उधमपुर	उधमपुर तहसीन के सभी पीसी को छोड़कर निम्न पीसी:
		13–पंजर, 14–लाली, 15–लाधा, 17–धंदु, 18–झंडावा, 19–सुहाल, 20–लुधा, 21, बालियान, 27–सुनाल, 29–मीर, 30–काठी, 32–बघोटा
57.	चेनानी (एससी)	चेनानी तहसील के सभी पीसी और उधमपुर तहसील के निम्नलिखित पीसी 20–लाधा, 21–बलियान, 27–सुनाल, 29–मीर, 30–काठी, और तहसील रामनगर के निम्नलिखित पीसी–10–दुदु, 11–लत्ती, 31–घोरडी, 33–हरतारियां, 34–दंडाल, 35–बरमीन, 36–नाला घोरान
58.	रामनगर	निम्नलिखित के सिवाय तहसील रामनगर के सभी पीसी:—
		10–दुदु, 11–लत्ती, 31–घोरडी, 33–हरतारियां, 34–दंडाल, 35–बरमीन, 36–नाला घोरान।
		कठुआ जिला
59.	बनी	पीसी 14–बनी, 15–बनजाल, 16–फतेहपुर, 17–संदरून, 18–रोल्का, 19–बुग्गाह, 20–लोवांग, 21–केंथल, 22–सुरजन, 23–धंग्गर, 24–कोटी, 25–फॉरेस्ट ब्लॉक तहसील बासोहाली में तथा पीसी 9–गोडू फलाल, 10–बडनोटा, 11–मचाडी, 20–मलहार, तहसील बिल्लावर में।
60.	बसोहली	पीसी 1–थीन, 2–बसंतपुर, 3–लखनपुर, 4–हटली, 7–त्रिडवान, 36–लखनपुर एनएसी, 29–बरथीयान और 30–सोरलियां तहसील कठुआ में और पीसी 1–बसोहली, 1–ए–बसोहली एनएसी, 2–संधार, 3–हट, 4–भूंड, 5–समन, 6–धार जंकर, 7–महानपुर, 8–प्लाही, 9–परीता, 10–साबेर, 11–पट्टी, 12–एठालीठ, 13–महानपुर, तहसील बसौली में तथा पीसी 21–धार डिगनो, 22–हट्टार, 23–दामरा, तहसील बिल्लावर में।
61.	कठुआ	पीसी 5–दिलवान, 6–माहा, 8–खरोटे, 9–तरफ मंजिली, 10–तरफ ताजवल, 11–करीयां, 12–तरफ बजवाल, 13–चंगरान, 14–गोविंदसर, 15–चाक सून लूपा, 16–खाकयाल, 17–मीरपुर राम, 18–तरफ बल्ला, 20–कथारियां, 21–जंगलोट, 22–लोआगेट, 23–जखबार, 24–ऐयरवान, 26–चक सकता, 27–बुधि, 28–ननान, 31–बरवाल, 32–झेरहेरी, 33–कठुआ फारेस्ट ब्लाक, 34–कठुआ एनएसी, 35–परलेन तथा 25–फोलेटे, तहसील कठुआ में।
62.	बिल्लावर	पीसी 11–कटली, 17–भाया, 21–डेंगा अंब, 23–धमाल, 25–मंगलूर, 26–चेलख, 27–सालेन, तहसील हीरानगर में 1–रामकोट, 2–मकवाल, 3–सलोरा, 4–राजवल्टा, 5–दनजीसधर, 6–थारा कलवाल, 7–कलयाल, 8–थनथू, 12–कोहाग, 13–माल्टी, 14–दूरांग, 15–धरनकोट, 16–भादू, 17–बिल्लावर, 18–बिलावर एनएसी, 19–बुग्गन, 24–परनाला, 25–पल्लन, तहसील बिल्लावर में तथा पीसी 19–जुठाना, तहसील कठुआ में।
63.	हीरानगर (एससी)	पीसी 1–जतवाल, 2–नोनाथ, 3–घागवाल, 4–सराठ, 5–भत्यारी कोटलान, 6–सनूरा, 7–मावा, 8–नोहरान, 9–चचवाल, 10–सरती कलां, 12–चक दुलमा, 13–जोनडी, 14–लोंडी, 15–राजपुरा, 16–कूताह, 18–गुराह मठियां, 19–बावीया, 20–कताल ब्रहमाना, 24–हमीरपुर, 28–छान रोरियां, 29–मरहीन, 22–साईवान, 20–खानपुर, 31–हीरानगर, 32–हीरनगर एनएसी, 33–पनसार, 34–कोरे पुनु, 35–चक देवा, 36–चक भगवान, 36–चक कहान, 38–चदवाल, 39–फोरेस्ट ब्लॉक, तहसील हीरानगर में।

1	2	3
		जम्मू जिला
64.	साम्बा (एससी)	पीसी 1-एनएसी साम्बा, 2-साम्बा खास, 3-तलूर, 4-अमली, 5-दूरीन, 6-कटली, 7-राम नगर, 8-पिंगडोर, 11-पुनिया, 10-सरना, 12-भरतगढ़, 13-सूरन, 14-गोरन, 15-बलहतर, 17-कठवालता, 18-खराह मदेना, 21-भगोरे, 22-पुरमंडल, 24-मोहरगढ़, 25-बधारी, 26-कर्द तहसील साम्बा में, और पीसी 28-चौदी, तहसील, जम्मू में।
65.	विजयपुर	पीसी 9-खानपुर, 20-विजयपुर, 23-गुराह सलाथियां, 28-हरमंदर, 19-चक सलारियां, 20-नांगा, 21-डोंगवाल, 32-केसो मनहसन, 33-रामगढ़, 34-घो ब्रहमाना, 35-चक चताका, 36-चन फटवाल, 37-अबटल, 38-सवानका, 39-महल शान, 40-रारी, 41-स्माईलपुर, 27-बीरपुर, 42-तरोर, 43-बगला, 44-गंडवाल, तहसील साम्बा में।
66.	नगरोटा	पीसी 39-रंजन, 40-सरोठ, 41-जंदियाल, 22-गोरडा, 44-नगरोटा, 47-दनसाल, 46-झजर कोटली, 47-थारा, 48-बमयाल, 39-कटल बटल, 50-शीबा, 51-जगति, 52-जींद्राह, 53-कनयाल, 54-कोठार, 35-खारते, 56-धन, 57-सोनगून, 58-पोनथल, 59-सूरीनसर नामक पीसी और तहसील जम्मू के अंतर्गत 16-बईन बजालटा, 19-ऐथेन, तहसील साम्बा में।
67.	गांधीनगर	वार्ड-16 (गांधी नगर), वार्ड-17 (नई बस्ती), वार्ड-22 (चहानी राम), वार्ड-22 (बाहु), -24 (दिगयाना), 26-बहु, 27-संजवान, 29-गादीगढ़, 30-सतवारी, तहसील जम्मू में।
68.	जम्मू ईस्ट	वार्ड 1 से 6, 9, 10, 12 और 15।
69.	जम्मू वेस्ट	वार्ड 7, 8, 11, 13, 14,, 18, 19, 20, और 21।
70.	बिशनाह	तहसील बिशनाह के अन्तर्गत सभी पीसी और नौग्रान, तहसील जम्मू में।
71.	आर॰एस॰ पुरा (एस सी)	पीसी 1-सलहार, 2-राठणा, 3-कण्डलिहार, 4-खौर, 5-कल्याण , 14-एनएसी सहित आर॰एस॰ पुरा, 15-खास गिगियां, 16-चौहल्ला, 19-किरपिंड, 20-कोटली शाह दूला, 25-मरलिया, 24-दारसोपूर, 35-गोंडला, तहसील आर॰एस॰ पुरा में।
